केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 256 सोमवार 8 अप्रैल 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### दो गांवों मे आग लगने से मोटरसाईकिल जलकर खाक, बकरियों की मौत

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

कुदरहा (बस्ती)। लालगंज थाना क्षेत्र के डिडुकपुरा उर्फ शुक्लपुरा व इस्माइलपुर गांव में शनिवार की रात अज्ञात कारण से रिहायसी झोपड़ी मे आग लगने से तीन मोटर, एक दर्जन बकरी व घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

वकील अहमद पुत्र मेरे का पूरा परिवार रोज की तरह भोजन करके सो रहा था देर रात अज्ञात कारण से रिहायसी झोपड़ी ध्ए–धू कर जलने लगी। तब परिवार के लोगों की आंख खुली और शोर मचाते बाहर भागे। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक पड़ोसी संतराम पुत्र रामराज का भी रिहायसी मकान चपेट में आ गया। ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वकील का दो मोटरसाइकिल, तीन साइकिल, बारह बकरी, लकडी की गुमटी और रखा तीन हजार नगद व चालिस हजार का दुकान का सामान व राशन जल कर राख हो गया। पड़ोसी संतराम का वेल्डिंग, गलेंडर व कटर मशीन, कंप्यूटर कांटा हुआ अन्य घरेलू सामान जल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के दो घंटे बाद आग बुझाने के लिए दमकल गाड़ी पहुंची तब तक बुझ चुका था।

ग्राम पंचायत छिबरा के राजस्व गांव इस्माइलपुर निवासी गोलई पुत्र कैबूल के झोपड़ी में भी अज्ञात कारणो से आग लग गया। जिसमे रखा एक मोटर साइकिल व घरेलू सामान जल कर राख हो गया।

आग लगने की सूचना पर जनप्रतिनिधियों का ताता लग गया। ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, प्रदीप पांडे, प्रधान राजेश यादव, ओमकार चौधरी, वृजेश गुप्ता, महेंद्र चौधरी पहुंच कर पीडित के सांत्वना दिए और प्रशासन से मदद दिलाने का आश्वासन दिए।

### होली मिलन समारोह में दिया संदेश

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । मन की होलिका जलाये बिना प्रहलाद को बचाना कठिन है, होलिका नकारात्मक और प्रह्लाद सकारात्मक प्रवृत्ति का परिचायक है द्य उक्त बातें रविवार को बस्ती रोडवेज पर गायत्री शक्ति पीठ बस्ती के तत्वज्ञान में होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वांचल विद्वत परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र नाथ तिवारी ने कही द्य उनको कहा होली नारी शक्ति जागरण और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है द्य इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ परिव्राजकध्ट्रस्टी राम प्रसाद तिवारी ने कहा होली सकारात्मक मूल्यों की पुनर्स्थापना का महापर्व है द्य होली मिलन समारोह में आयी महिलाये भजन कीर्तन में झूम उठी द्य गायत्री शक्तिपीठ के परिव्राजक स्वामी दयाल,कपिल देव मिश्रा और श्याम पांडेय ने सबको अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी द्य बाद में सब लोगो ने अबीर गुलाल तथा फूलो के साथ होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दिया द्य कार्यक्रम के अंत में जलपान के साथ समारोह का समापन हुआ । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगदम्बिका पांडेय,सर्वेश श्रीवास्तव,के के पांडेय ,प्रभाकर, विशाल,राजकुमार, महेश्वरानन्द, विवेकानंद, संतोष, दिनेश,शिवम,मोनू पांडेय, श्रवण कुमार, रमेश चंद्र आदि उपस्थित रहे ।

# आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर सुखोई–मिराज ने दिखाई ताकत

**लखनऊ (आभा)।** आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार को भी युद्धाभ्यास जैसा नजारा दिखा। जहां लड़ाकू विमान तेज रफ्तार से हवा को चीरते हुए बढ़े। भारतीय सेना की शान सुखोई, मिराज और एन 32 प्लेन अपना जौहर दिखा रहे थे। वहीं, लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर उतरे। दरअसल ये कार्यक्रम गगन शक्ति का था। इस अभ्यास सत्र में फाइटर प्लेन ने दिखाया कि किसी भी आपात स्थिति में लैंडिंग के लिए कैसे तैयार रह सकते हैं। फाइटर प्लेन रोमांच ऐसा था कि हजारों लोग भरी धूप में इसे देखने

के लिए दोनों दिन लोगों की भीड़ उमड़ पड़े। बांगरमऊ में एक्सप्रेसवे पर स्थित 3 किलोमीटर की हवाई पट्टी के ऊपर से 12 फाइटर प्लेन गुजारे गए।अचानक एक लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी के काफी करीब पहुंच गया और देखते ही देखते उसे पार करते हुए ओझल हो गया। इसके बाद एक के बाद एक कर छह फाइटर प्लेन गुजारे गए। वहीं, एक साथ 4 लड़ाकू विमान (फोर फिंगर फार्मेशन) हवाई पट्टी के बगल से गुजरे। 12 विमानों ने कुल 18 चक्कर लगाए। सुखोई लड़ाकू विमान हवाई पट्टी के नजदीक और मिराज कुछ ऊपर से गुजरते देख लोग रोमांचित हो उठे। वहीं, कार्गो समेत कई प्लेन हवा को चीरते हुए निकले।

एयरफोर्स की ओर से अनाउंस करके बताया गया कि यह युद्धाभ्यास आपातकालीन स्थिति के लिए समय–समय पर किया जाता है। यह इसलिए हो रहा है कि अगर देश पर किसी भी तरह की मुसीबत आती है तो एक्सप्रेस–वे की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जा सके। इसका उद्देश्य किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में खुद को तैयार रखना है। बता दें कि आगरा एक्सप्रेसवे पर पहले भी 2 बार 2016 और 2017 में इमरजेंसी लैंडिंग के लिए युद्धाभ्यास किया जा चुका है।

### एनआईए टीम पर मुकदमा

कोलकाता (आभा)। पश्चिम बंगाल में पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप–प्रत्यारोप का माहौल शुरू हो गया है। इस बीच गिरफ्तार टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर एनआईए टीम और सीआरपीएफ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

दरअसल, टीएमसी नेता की पत्नी ने आरोप लगाया कि एनआईए अधिकारियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है। भूपतिनगर थाने में आईपीसी की धारा 325,34, 354, 354(बी), 427, 448, 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## शार्ट सर्किट से 5 बीघा गेहूं जलकर राख

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

छावनी (बस्ती)। छावनी थाना क्षेत्र के फूलड़ीह गांव में हाइवे किनारे रविवार की दोपहर फीडरलाइन मे हुई सार्ट सर्किट से लगी आग में 7 किसानों का लगभग पांच बीघा गेहूं जल कर खाक हो गया। दोपहर एक बजे फूलड़ीह गॉव निवासी प्रभावती पत्नी स्वर्गीय शिवकुमार के गेहूं की फसल लगे खेत में बिजुली का पोल स्थित है वही से अचानक धुआं उठने लगा।खेतो से उठता धुंआ देख राहगीरों ने हल्ला गुहार मचाया। जब तक लोग समझ पाए आसपास के खेतों में भी आग में अपनी चपेट में ले लिया था। आसपास के गांव और राहगीरों ने आग बुझाने के लिए समीक्ष के तालाब से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश में जुट गए। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी फोन कर बुलाया। इस दौरान आग से फूलड़ीह गॉव निवासी प्रभावती, रामबहोर, रामदेव, राम निहोर, अखिलेश मिश्रा, जुगुना धोबी, रामू निवासी फुल डी का लगभग 5 बीघा से अधिक गेहूं जलकर खाक हो चुका था

## गोद लिये क्षय रोगियों में किया प्रोटीन युक्त खाद्यान्न सामग्री का वितरण

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरा मेडिकल कॉलेज गोटवा के प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा ने 5 क्षय रोगियों को गोद लेकर तीमारदारों को प्रोटीन युक्त खाद्यान्न सामग्री का टीबी हास्पिटल में वितरण किया । डा. वर्मा ने बताया कि पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरा मेडिकल कॉलेज गोटवा द्वारा लगातार 5 वर्षों से टीबी मरीजों को गोद लेकर उनका पोषण प्रदान करने में योगदान कर रहा है। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। समाजसेवी डा वी के वर्मा ने इसे पुनीत कार्य बताया और भरोसा दिलाया कि क्षय रोग को जड़ से मिटाने में उनका प्रयास कार्यक्रम चलने तक लगातार जारी रहेगा। पोषण सामग्री वितरण में मुख्य रूप से डिप्टी सी.एम.ओ. डा. ए.एन. त्रिगुण, डा. आर.के. वर्मा, डा श्याम नरायन चौधरी, अखिलेश चतुवेदी, मनोज बरनवाल, गौहर अली, राम मिलन, राजेश चौधरी, विकास चौधरी, दीन बंधु उपाध्याय आदि शामिल रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 124 मरीजों का उपचार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । रविवार को इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा चित्रांश क्लब और सेवा ब्लड बैंक के सहयोग से विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कटेश्वर पार्क स्थित बस्ती मेडिकल सेन्टर पर निःशुल्क रक्तदान और रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों के परीक्षण के साथ ही उन्हें निःशुल्क परामर्श दिया गया।

इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में 124 मरीजों का परीक्षण किया गया। इसके साथ ही राजेश चित्रगुप्त, दीपू श्रीवास्तव, संचित, सौरभ, आकाश के साथ ही 11 लोगों ने रक्तदान

**–11 ने किया रक्तदान**

किया। शिविर के संचालन में डा. प्रदीप श्रीवास्तव, डा. प्रवीन श्रीवास्तव, डा. रजत साहू, डा. अभिजात कुमार, डा. सुधांशु द्विवेदी, डा. रंगजी द्विवेदी, डा. एपीडी द्विवेदी, डा. आभा सिंह, डा. राकेश सिंह के साथ ही अनेक चिकित्सकों ने योगदान दिया। चित्रांश क्लब जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि हरित क्रान्ति, दुग्ध क्रान्ति के साथ ही देश में स्वास्थ्य क्रान्ति की आवश्यकता है। यह सामूहिक पहल से ही सफल होगा।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को सम्पन्न कराने में सुशील सिंह, रजत साहू, उमंग शुक्ल, अजय कुमार श्रीवास्तव, तनवीर आदि ने योगदान दिया।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक उपवास

**नई दिल्ली (आभा) ।** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' के नेताओं ने रविवार को दिल्ली के जंतर–मंतर पर एक दिन का सामूहिक उपवास किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद ने संजय सिंह ने ईडी–सीबीआई के साथ भाजपा को भी जमकर घेरा। उन्होंने ईडी पर

केजरीवाल को साजिश के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, मुख्यमंत्री हैं, मुख्यमंत्री रहेंगे। संजय सिंह ने कहा कि ईडी, सीबीआई के पास 456 गवाह है। दोनों एजेंसियों में 50,000 पन्नों की चार्जशीट बनाई हैं। इन 456 गवाहों में से सिर्फ 4 गवाहों ने ही अरविंद केजरीवाल का नाम लिया है। इन्होंने किन परिस्थितियों और दबाव में अरविंद केजरीवाल का नाम लिया है यह अब किसी से छुपा नहीं है।

## चार करोड नकदी के साथ भाजपा कार्यकर्ता गिरफ्तार

चेन्नई (आभा)। लोकसभा चुनाव से पहले चेन्नई के तांबरम रेलवे स्टेशन पर 4 करोड़ कैश के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसमें एक भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल है। अधिकारियों का कहना है कि ये लोग चार बैग में भरकर चार करोड़ रुपये कैश ले जा रहे थे। ये तीनों ट्रेन से तिरुनेलवेली जाने वाले थे। तभी फ्लाइंग स्क्वॉड ने उन्हें हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग मामले की जांच कर रहा है।

आरोपियों में शामिल सतीश भाजपा का कार्यकर्ता है और एक प्राइवेट होटल का मैनेजर है। उसका भाई नवीन और ड्राइवर पेरुमल कैश लेकर जा रहे थे। सूत्रों का कहना है

कि सतीश ने कबूल कर लिया है कि तिरुनेलवेली भाजपा सांसद प्रत्याशी नैनार नागेंतीरन के निर्देश पर वे कैश लेकर जा रहे थे। हालांकि मामले की पूरी जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद असली वजह का पता चलेगा।

चेंगालपट्टू डीईओ को मुताबिक, तंबारम रेलवे स्टेशन से चार करोड़ का कैश बरामद किया गया। जांच के लिए मामला आयकर विभाग को सौंप दिया गया है। आचार संहिता के प्रतिबंधों के मुताबिक यह रकम 10 लाख से ज्यादा है। बता दें कि तमिलनाडु में 19 अप्रैल को ही एक चरण में सभी 39 सीटों पर मतदान होना है। इससे पहले इतनी बड़ी मात्रा में कैश बरामद किया जाना एक गंभीर घटना मानी जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु फ्लाइंग स्क्वॉड को गुप्त जानकारी मिली थी कि बड़ी मात्रा में कैश ले जाया जा रहा है। इसके बाद रात में करीब 9 बजे टीम ने रेलवे स्टेशन पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। सेकंड एसी कोच के पास में तीन लोगों के पास से बैग में कैश बरामद किया गया।

## पेंशन, आवास दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बनकटी (बस्ती)।** बुजुर्ग व असहाय लोगों से जालसाजी कर पेंशन व आवास दिलवाने के नाम पर ठगी करने के आरोपी गोरखपुर निवासी राम हजूर को लालगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

लालगंज पुलिस के अनुसार पूंछताछ में उसने बताया कि एक व्यक्ति से यहीं अपना नकली आधार कार्ड दिखाकर अपने आपको पेंशन बनवाने वाला हूँ के नाम पर 11 हजार रुपये की ठगी किया वह लोगों का पेंशन बनवाने के नाम पर ठगी करने आया था लेकिन पुलिस ने उसे पड़ लिया । अभियुक्त राम हुजूर (42) पुत्र श्रीपति ग्राम शुक्लपुरा थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर का निवासी है। इस सम्बन्ध में 19 मार्च को मुकदमा पंजीकृत है उसके वादी मुकदमा रामजीत पुत्र विपत ग्राम गंगौरा थाना मुण्डेरवा जनपद बस्ती




को तत्काल मौके पर बुलाया गया कुछ ही समय में रामजीत मौके पर आ गए और आते ही उन्होंने देखकर उस व्यक्ति को बताया कि साहब यहीं व्यक्ति है और अपना आधार कार्ड दिखाकर बताया था कि चाचा मेरा नाम राजन है और मैं ही पेंशन बनवाता हूँ । इसके इसी बातों पर उसने विश्वास कर लिया और वह धोखाधड़ी करके 11,000 रुपया ले लिया । पकड़े गये व्यक्ति से रुपया 1,000 तलाशी में मिला है उसके बारे में बता रहा है कि साहब और सब खर्च हो गया है बस यहीं 1,000 उसमें से बचा है । वादी मुकदमा द्वारा बताया गया कि उसके गॉव के तीरथ यादव पुत्र झगरु यादव का पैसा भी ऐसे ही यहीं नाम बताकर ले लिया था और लगभग डेढ़ माह पहले बाघापार के अर्जुन शुक्ल का पैसा भी ले लिया था । बगल में खड़ी गाड़ी के सम्बन्ध में पूछा गया तो बताया कि साहब यह गाड़ी नम्बर UP53EJ 8142 जो उसके लड़के शिवम के नाम से है इसी वाहन वह घूम घूमकर आधार कार्ड बदलकर ध्धोखाधड़ी करके ठगी करता है। । दिनांक 18.3.24 को भी मैं इसी गाड़ी से ठगी किया था । आधार कार्ड दूसरा कहाँ से बनवाये हो इस पर बता रहा है कि वह लखनऊ गया था वहीं से बनवाया था । इस समय उसका पता याद नहीं आ रहा है ।

## कसौधन महासभा के होली मिलन समारोह में वैश्य समाज के उप जातियों में शादी, विवाह, रोटी–बेटी के रिश्तों पर जोर

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । कसौधन महासभा द्वारा रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक होटल में वैश्य समाज का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दीप प्रज्जवलन से आरम्भ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कसौधन महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष पवन कसौधन ने कहा कि वैश्य समाज के सभी घटक एक जुट होकर राजनीतिक भागीदारी करें। कहा कि आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक मोर्चे पर वैश्य समाज को अपनी सक्रियता बढानी होगी। कार्यक्रम में वैश्य समाज के सभी जातियों, उप जातियों ने हिस्सा लिया। निर्णय लिया गया कि वैश्य समाज के उप जातियों में शादी, विवाह, रोटी–बेटी का रिश्ता शुरू किया जाय। महासभा द्वारा मृत्युभोज बंद करने का निर्णय लिया गया है। पवन कसौधन ने कहा कि इस दिशा में जागरूकता के द्वारा निर्णय लेने होंगे।

होली मिलन समारोह को टिकैत नगर बाराबंकी के नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश कसौधन, हरैया नगर पंचायत अध्यक्ष रज्जू 'बाबू', जगदीश अग्रहरि, सुभाष अग्रहरि, संजय अग्रहरि, शिवाजी मोदनवाल, संजय जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल, परमात्मा मद्धेशिया,

### –मृत्युभोज न किये जाने का निर्णय
### –एकजुटता से पूरे होंगे लक्ष्य– पवन कसौधन

ऋषभ भोजवाल, अशोक अग्रवाल, राम प्रकाश बरनवाल, मनोज सर्राफ, शिवनाथ साहू, धर्मेन्द्र चौरसिया, संजय चौरसिया, आदि ने सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्य समाज ने देश निर्माण में सदैव महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समय की मांग है कि वे अपने राजनीतिक अधिकारों के लिये सचेत हों तभी सार्थक बदलाव आयेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुये राजेश कसौधन ने वैश्य समाज की उपलब्धियों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष वृजकिशोर कसौधन उर्फ सेठ ने आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये संगठन के मजबूती पर जोर दिया। इस अवसर पर सामाजिक योगदान के लिये अनेक लोगों को अंग वस्त्र, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का चित्र भेंटकर कसौधन महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में दिलीप कसौधन, बंशीलाल कसौधन, मनोज कसौधन, हिमांशु, दुर्गा प्रसाद, कसौधन, गिरधारीलाल साहू, बजरंग लाल, वैजनाथ, राजेन्द्र प्रसाद, राम विलास, विरजू, रामचन्द्र उर्फ पताली, ध्रुवचन्द्र, अयोध्या प्रसाद कसौधन, आदर्श, विनय, राजाराम, कुन्दन वर्मा, संजय, राम कृष्णा, राम प्रसाद, वीरेन्द्र, सुनील रौनियाल, कान्हा, विशाल, रमेश चन्द्र, पप्पू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन कसौधन, बीना कसौधन, सरोज कसौधन, सुमन कसौधन, श्रद्धा कसौधन, संघ मित्रा कसौधन, गीता कसौधन, कुसुम, मंजू, बिन्दू कसौधन, शिवानी, किरन, पूजा, सुनीता,गीता, पूजा कसौधन, आरती कसौधन, नीलम कसौधन, शिवानी कसौधन, शिल्पी के साथ ही गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, गोण्डा, सुल्तानपुर, अयोध्या, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, बाराबंकी, लखनऊ, वाराणसी आदि जनपदों से कसौधन, कांदू, अग्रहरि, जायसवाल, मोदनवाल, चौरसिया, भूज, साहू, स्वर्णकार, कमलापुरी, दोसर वैश्य आदि समाजों के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# मुख्तार अंसारी के परिजनो से मिले अखिलेश यादव, योगी सरकार पर लगाये आरोप

**गाजीपुर (आभा) ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को गाजीपुर के मोहम्मदाबाद पहुंचकर मुख्तार अंसारी के परिवारीजनों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्तार के बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी, मुख्तार के बेटे उमर अंसारी और परिवार के अन्य सदस्ध्यों से उनकी बात हुई।

बता दें कि मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को बांदा में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। गाजीपुर पहुंचे अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। अखिलेश ने कहा कि जो कुछ हुआ है वो सवाल खड़े करता है सरकार के ऊपर। जो घटना हुई जेल के अंदर उन सवालों का जवाब सरकार के पास नहीं है। सबसे ज्यादा मेदभाव और अन्याय इस सरकार में लोगों के साथ हो रहा है। हिरासत में मौत के मामलों में भी यह सरकार औरों से आगे जाना चाहती है। जेल, थाने

में घटना होना, सीएम आवास के सामने, तहसील के सामने आत्ममदाह की घटनाएं हुई हैं। जानें गई हैं और सरकार को परवाह नहीं है। जिस व्यक्ति ने खुद कहा हो कि मेरी जान ले ली जाएगी, जहर दिया जा रहा है। उसके बाद सरकार ने क्या किया। यह ऐसी पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी जिन–जिन लोगों ने कहा कि मुझे खतरा है, मुझे सुरक्षा दें। सरकार का पहला काम है कि नागरिकों को सुरक्षा दे। जो सरकार सुरक्षा, न्याय नहीं दे सकती, वो जनता की नहीं हो सकती।

सपा प्रमुख ने कहा कि लोकतंत्र में लोगों को न्याय मिले यह सरकार की जिम्मेदारी है। संस्थाएं खत्म हो रही हैं। हम किससे शिकायत करें। अखिलेश ने कहा कि इस सरकार ने भरोसे और सच्चाई को मारा है। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्तार की मौत के मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज की निगरानी में होनी चाहिए। जो जांच चल रही है, उस पर भरोसा है? इस सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि मुझे सरकार पर भरोसा नहीं है। आपने 2016 में अंसारी बंधुओं के टिकट का विरोध किया था? इस सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि राजनीति हमेशा वर्तमान परिस्थितियों पर होती है।

बार– बार सपा के टिकट बदले जाने के सवाल को टालते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि क्या भाजपा बता रही है कि कैसरगंज से उनका प्रत्याशी कौन होगा? भाजपा के प्रत्याशी जहां–जहां जा रहे हैं वहां–वहां विरोध हो रहा है।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 8 अप्रैल 2024 सोमवार

## सम्पादकीय

### तेरा भ्रष्टाचार, मेरा भ्रष्टाचार

आम आदमी पार्टी नेता, कार्यकर्ता अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में लगतार आन्दोलित है। रविवार को उपवास रखकर पार्टी नेताओं ने केजरीवाल को निर्दोष बताते हुये रिहाई की मांग दोहरायी। इस सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता कि देश के राजनीतिक इतिहास में 2024 का पहला लोकसभा चुनाव है जब दिल्ली और झारखण्ड के मुख्यमंत्री जेल में हैं। ऐसे में सवाल तो उठेंगे ही। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इन गिरफ्तारियों का मतदाताओं के मन पर क्या प्रभाव पडेगा। बहरहाल देश तेरा भ्रष्टाचार और मेरा भ्रष्टाचार के मकड़जाल में उलझा हुआ है।

भारत में चुनावी सरगर्मी के दौर में सत्ता में आने, सत्ता बचाने और सत्ता छीनने की तेज जद्दोजहद के बीच दिल्ली उच्च न्यायालय की यह टिप्पणी सुखद और स्वागतयोग्य है कि लोकतंत्र को अपना काम करने दिया जाए। दरअसल, दिल्ली उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के आरोप में पिछले महीने हुई गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली तीसरी याचिका को खारिज कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अगुवाई वाली पीठ ने दिल्ली के उप–राज्यपाल को किसी तरह की सलाह देने से भी मना कर दिया है। केजरीवाल के खिलाफ दायर की गई इन याचिकाओं की दलील है कि अदालत दिल्ली के उप–राज्यपाल को निर्देशित करे और मुख्यमंत्री का इस्तीफा लिया जाए। वास्तव में, पद न छोड़ने या पद से हटाने की राजनीति कतई अदालती विषय नहीं है। किसी भी नेता को किसी पद से हटाने की अपनी स्थापित परंपराएं हैं, उन परंपराओं में अदालती हस्तक्षेप से न्यायपालिका और विधायिका के बीच विवाद की स्थिति बन सकती है। अतरू अदालत के रुख की प्रशंसा होनी चाहिए और जो लोग केजरीवाल को हटाने के पक्ष में हैं, उन्हें जिम्मेदार राजनीतिक आकाओं पर दबाव बनाना चाहिए।

नैतिकता का सवाल अलग–अलग ढंग से किसी नेता को परेशान करता है और नेता अलग–अलग ढंग से इस सवाल का जवाब देते हैं। नैतिकता का प्रश्न केवल नेताओं को ही नहीं, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को भी परेशान करता है। अब के दौर में जो चलन है, उसके अनुसार, राजनीतिक पार्टियां अपने मतदाताओं के मानस को समझकर ही फैसला लेती हैं। आम आदमी पार्टी में भी चुने हुए सभी विधायक यदि अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाए रखने के पक्ष में हैं, तो उन्हें ऐसा करने का हक है। उन्होंने निश्चित ही इस बड़े फैसले के लाभ–हानि पर विचार किया होगा। ऐसे में, उच्च न्यायालय ने उचित ही इशारा किया है कि 'उप–राज्यपाल को हमारे मार्गदर्शन की जरूरत नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले कोई नहीं हैं। उन्हें कानून के अनुसार, जो भी करना होगा, वह करेंगे।' कहना न होगा, जिस देश में चार करोड़ से ज्यादा मामले अदालत में लंबित हों, वहां राजनीति को अपने हर झगड़े के निपटारे के लिए कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटाना चाहिए। न्यायालय या न्यायपालिका की अपनी सीमा है और राजनीति से जुड़ी नैतिकता की दुहाई देते हुए न्यायालय पहुंचने की परिपाटी हमारी समग्र व्यवस्था के अनुकूल नहीं है। एक सुखद पहलू है कि इस देश में नैतिकता के सवाल पर पहले अनेक राज्य सरकारें बर्खास्त हुई हैं, पर इधर सरकारों की बर्खास्तगी के प्रति केंद्र सरकार में संवेदना बढ़ी है, तो यह लोकतंत्र की परिपक्वता का भी एक प्रमाण है। सरकारों को मर्जी से नहीं, बल्कि संविधान से प्रेरित होना चाहिए। ध्यान रहे कि अरविंद केजरीवाल को कथित शराब नीति घोटाले के सिलसिले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वह अपनी लड़ाई अदालत और अवाम के बीच बड़ी मुखरता से लड़ रहे हैं। उनके पक्ष में ऐसे नेताओं की बड़ी संख्या है, जो मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी को गलत मानते हैं। अदालत भी पहले संकेत कर चुकी है कि अभियोजन चल रहा है और आरोपी को जमानत पर छोड़ा भी जा सकता है। इस मामले के पटाक्षेप में समय लग सकता है, फिर भी अगर कुछ लोग इस मोर्चे पर जल्दी मचाना चाहते हैं, तो उनके पास किसी को पद से हटाने के लिए अकाट्य तर्क होने चाहिए।

# स्वास्थ्य–क्रांति समय की मांग

–ललित गर्ग–

हर वर्ष दुनिया के लोगों की उन्नत स्वास्थ्य की अपेक्षा के साथ 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। दुनिया भर में लोगों को प्रभावित करने वाले एक विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना इसका ध्येय है। यह सामूहिक कार्रवाई, शिक्षा और सभी के लिए स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का दिन है। 2024 की थीम – 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र में नए खोज, नई दवाओं और नए टीकों को बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। सन् 1948 में, दुनिया के तमाम देशों ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए डब्ल्यूएचओ की स्थापना की, ताकि हर व्यक्ति हर जगह स्वस्थ रहे और उच्चतम स्तर की मदद प्राप्त कर सके। इसके दो साल बाद 1950 में पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया गया। इस बार का विषय इस सोच को दर्शाता है कि स्वास्थ्य एक बुनियादी मानव अधिकार है और हर किसी को बिना किसी वित्तीय कठिनाइयों के जब और जहां इसकी आवश्यकता हो, उसे स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।

दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेद्य घेरा है। निरन्तर बढ़ती हुई बीमारियों को रोकने के लिये नई–नई चिकित्सा पद्धतियां असफल हो रही है। जैसे–जैसे विज्ञान रोग–प्रतिरोधक औषधियों का निर्माण करता है, वैसे–वैसे बीमारियां नये रूप, नये नाम और नये परिवेश में प्रस्तुत हो रही है। 2021 में दुनिया की आधी आबादी से अधिक, 4.5 बिलियन से अधिक लोगों के पास आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं थी। दो अरब लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं क्योंकि उनके पास विभिन्न रोगों के उपचार पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। दुनिया भर में लगभग 930 मिलियन लोगों को अपने घरेलू बजट का 10 प्रतिशत या उससे अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उनकी वित्तीय हालत और खराब हो रही है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस केवल जागरूकता बढ़ाने के बारे में नहीं है। यह परिवर्तन का उत्प्रेरक है, यह स्वास्थ्य–क्रांति का शंखनाद है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करता है, और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन सीमाओं और सांस्कृतिक विभाजनों से परे है। यह दुनिया भर के लोगों को एक समान लक्ष्य में एकजुट करता है, एक ऐसी दुनिया जहां हर कोई अच्छे स्वास्थ्य के साथ पनप सके। यह प्रभावी, सुरक्षित, सस्ती और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर जोर देता है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व क्षय रोग दिवस, विश्व टीकाकरण सप्ताह, विश्व मलेरिया दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, विश्व चगास रोग दिवस, विश्व रोगी दिवस के साथ डब्ल्यूएचओ द्वारा चिह्नित 11 आधिकारिक वैश्विक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस साल डब्ल्यूएचओ अपनी 75वीं वर्षगांठ भी मना रहा है, इसलिए इस दिन को खास बनाने के लिए, डब्ल्यूएचओ उन सार्वजनिक स्वास्थ्य सफलताओं को भी देखेगा, जिन्होंने पिछले साढे सात दशकों के दौरान जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस स्वास्थ्य देखभाल और बीमारी की रोकथाम में प्रगति को स्वीकार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सफल रणनीतियों और नवाचारों को उजागर करना वैश्विक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आगे की सफलताओं और प्रतिबद्धता को प्रेरित कर सकता है।

भारत की स्वास्थ्य स्थितियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुधर रही है, लेकिन इस सुधार में तीव्रता की अपेक्षा है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी डेटा ने भारत में एक और बढ़ते स्वास्थ्य संकट पर प्रकाश डाला है और यह है मोटापा और एनीमिया। रिपोर्ट के अनुसार, अब पुरुषों की तुलना में दोगुनी संख्या में महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हो रही हैं। वहीं मोटापे के मामले में आंकड़ों पर नजर डालें तो महिलाओं में मोटापा 2015–16 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2019–20 में 24 प्रतिशत हो गया है। इनके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात, महाराष्ट्र सहित भारत के प्रमुख राज्यों में बच्चों में भी मोटापे में वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ, भारत 1.4 अरब से अधिक लोगों का घर है। 2018 में प्रति महिला औसतन दो बच्चों के जन्म पर, देश की जन्म दर प्रति हजार निवासियों पर 18.6 थी। औसत जीवन प्रत्याशा में 1920 के दशक से लगातार वृद्धि देखी गई है और 2019 में यह लगभग 69 वर्ष थी। हालाँकि, यह अभी भी लगभग 72 वर्षों के वैश्विक औसत से कम थी। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों, नियमित टीकाकरण और बुनियादी मां और बच्चे की देखभाल सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करने पर सरकार के बढ़ते ध्यान के कारण पिछले कुछ वर्षों में शिशु मृत्यु दर में भी लगातार गिरावट आई है। इसके अलावा, जब से कन्या भ्रूण हत्या और लिंग–चयनात्मक गर्भपात के सरकारी नियमों ने ऐसी प्रक्रियाओं को अवैध बना दिया है तब से देश में इसमें अपेक्षाकृत गिरावट देखी गई है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों में बीमारियों पर नियंत्रण के लिये योग एवं साधना, संतुलित आहार एवं संयमित जीवनशैली को भी हिस्सा बनाना चाहिए। हमारे शरीर के दो महत्वपूर्ण अवयव हैं– दिल और दिमाग। यानी हृदय और मस्तिष्क। ये दोनों समूचे शरीर–तंत्र का संचालन एवं नियमन करते है। शरीर के प्रत्येक अवयव की जीवंतता, सक्रियता, क्षमता और स्वस्थता इन दानों की स्वस्थता पर निर्भर करती है। जितनी भी मानसिक और कायिक बीमारियां या विकृतियां उत्पन्न होती है, वे इस बात की गवाह है कि किसी एक ने 'रोड क्रोसिंग' पर खड़े 'ट्रेफिक पुलिस' के निर्देशों की उपेक्षा कर 'ओवर टेकिंग' की कोशिश की है। सारी दुनिया में बढ़ते हुए मनोरोग एवं हृदयरोग इसी आंतरिक अव्यवस्था का परिणाम है। अन्य असाध्य बीमारियों का कारण भी असंतुलित जीवनशैली है। इसलिये अच्छे स्वास्थ्य के लिये मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बरतना नितान्त अनिवार्य है और ऐसी जागृति के लिये विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों को माध्यम बनाया जाना चाहिए।

# संवैधानिक नैतिकता के यक्ष प्रश्न

–पी. चिदम्बरम–

भ्रष्टाचार के कथित आरोप में एक सेवारत मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी एक कानूनी, एक राजनीतिक और एक संवैधानिक मुद्दा है। यह एक ऐसा मुद्दा भी है जो संविधान के शब्दों से परे है, यह संवैधानिक नैतिकता को छूता है। मैं तथाकथित 'तथ्यों' का रास्ता साफ कर दूं। मुख्यमंत्रियों के खिलाफ मामलों में आरोप यह है कि उन्होंने रिश्वत देने वालों को फायदा पहुंचाने के लिए 'रिश्वत' ली। वर्तमान समय में, केवल इतना ही कहा जा सकता है कि 'भ्रष्टाचार का आरोप' 'दोष की खोज' के बराबर नहीं है। समय–सम्मानित कानूनी सिद्धांत यह है कि 'दोषी साबित होने तक प्रत्येक व्यक्ति को निर्दोष माना जाता है'। इसलिए, आइए निर्दोषता की धारणा को कानूनी पहलू से शुरू करें। एक व्यक्ति एक राजनीतिक दल का सदस्य है। राजनीतिक दल चुनाव लड़ता है, उसके उम्मीदवार विधानसभा में अधिकांश सीटें जीतते हैं, विधायक दल उस व्यक्ति को नेता के रूप में चुनता है, राज्यपाल उस व्यक्ति को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाता है, मुख्यमंत्री और उसके मंत्री पद ग्रहण करते हैं और नई सरकार जगह लेती है। पटकथा परिचित है और पिछले 75 वर्षों में इसे सैंकड़ों बार निभाया जा चुका है।

पटकथा वेस्टमिंटर सिद्धांतों (राजनीतिक पहलू) और संविधान के प्रावधानों (संवैधानिक पहलू) के अनुसार है। एक सी.एम. को पद से हटाना। यह स्वतरू स्पष्ट है कि एक मुख्यमंत्री को कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए स्वतंत्र व्यक्ति होना चाहिए। उसे राज्यपाल को सलाह देनी चाहिए, उसे कैबिनेट बैठकें आयोजित करनी होंगी,उसे लोगों के विचार और शिकायतें सुननी चाहिएं उसे विधानसभा में बोलना और सुनना होगा, उसे प्रस्तावों और विधेयकों पर मतदान करना होगा और सबसे बढ़कर, चूंकि हमारी सरकार प्रणाली रिकॉर्ड या फाइलों पर आधारित है, इसलिए सब कुछ लिखित और हस्ताक्षरित होना चाहिए। कोई भी स्वतंत्र व्यक्ति मुख्यमंत्री के कार्यों और कर्त्तव्यों का पालन नहीं कर सकता है। किसी मुख्यमंत्री को हराने और पद से हटाने के कई तरीके हैं।

चुनावी तरीके के तहत एक मुख्यमंत्री और उसकी पार्टी को ऐसे चुनाव में हराना है जो 5 साल में एक बार या उससे पहले होगा। संसदीय तरीका विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव पारित करना या वित्त विधेयक या नीति पर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को अस्वीकार करना है। किसी भी स्थिति में, बहुमत प्रबल होगा। इसके अलावा, राजनीतिक दलों ने एक मुख्यमंत्री को पद से हटाने के लिए दुष्ट तरीके ईजाद किए हैं। 'ऑपरेशन लोटस' एक ऐसा आविष्कार है जिसके तहत एक निश्चित संख्या में विधायकों को सत्तारूढ़ दल से इस्तीफा देने या किसी अन्य पार्टी में जाने के लिए राजी किया जाता है और सत्तारूढ़ दल को विधानसभा में अल्पमत में ला दिया जाता है। इसमें दलबदलू शामिल हैं। दसवीं अनुसूची का खुलेआम उल्लंघन किया जाता है।

सरकार को अस्थिर करना – क्या किसी मुख्यमंत्री को पद से हटाने के और भी तरीके हैं? मुझे ऐसा कहने का कोई दूसरा तरीका नहीं मिल रहा है, लेकिन अधिक चतुर पुरुष और महिलाएं हैं। उन्होंने एक मुख्यमंत्री को आजाद करने का एक स्पष्ट कानूनी तरीका खोजा है। उनके खिलाफ एफ.आई.आर. या ई.सी.आई.आर. दर्ज करें, उन्हें पूछताछ के लिए बुलाएं और उन्हें गिरफ्तार करें। सी.बी.आई. कुछ हद तक सतर्क है लेकिन ई.डी. बेशर्म है। एक बार जब कोई मुख्यमंत्री गिरफ्तार हो जाता है, तो राज्यपाल द्वारा उसके इस्तीफे या बर्खास्तगी की मांग उठने लगती है। यह तर्क दिया जाता है कि मुख्यमंत्री को, किसी भी अन्य आरोपी की तरह, अदालत के समक्ष पेशी की प्रक्रिया, जमानत के लिए आवेदन, पुलिस रिमांड, न्यायिक रिमांड, आदेशों के खिलाफ अपील और अंत में जमानत देने या इन्कार करने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश से गुजरना होगा।

इस बीच, सरकार असुरक्षित है। यह किनारे पर लडखड़ा रही है और जल्द ही ढह जाएगी। यदि कोई अंतरिम नेता गिरफ्तार मुख्यमंत्री की जगह लेता है, तो उसे भी गिरफ्तारी के समान खतरे का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी राजनीतिक दल के पास मुख्यमंत्री पद के लिए लगातार उम्मीदवार खड़ा करने की ताकत या लचीलापन नहीं होता। भ्रष्टाचार के आरोपों का तात्कालिक उद्देश्य एक मुख्यमंत्री को पद से हटाना हासिल हो गया है। यह सब जाहिर तौर पर कानूनी है। राजनीतिक दृष्टिकोण से, यह अपमानजनक हो सकता है। संवैधानिक दृष्टिकोण से, मामला बहस योग्य हैय लेकिन मेरे प्रश्न का आयाम बड़ा है। क्या ऐसे देश में, जिसने सरकार के वेस्टमिंस्टर मॉडल को अपनाया है, एक सेवारत मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी और हिरासत संवैधानिक नैतिकता के अनुरूप है? क्या संविधान को तत्कालीन राजनीतिक शक्तियों द्वारा मिटाया जा सकता है?

संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करना – कुछ देशों को दुर्भावनापूर्ण राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता, जांच एजेंसियों को बाध्य करने और अदालतों के परस्पर विरोधी निर्णयों (जमानत के मामले में) के गंभीर खतरों का एहसास हुआ। इसलिए उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति या सरकार के मुख्य कार्यकारी के लिए प्रतिरक्षा पर एक खंड शामिल किया। भारत में न्यायाधीशों के मामलों में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि मुख्य न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की पूर्व सहमति के बिना किसी न्यायाधीश के खिलाफ कोई जांच नहीं की जा सकती है, और इसमें एक निहित छूट है। यदि भूमिकाएं उलट जाएं तो क्या होगा? मान लीजिए कि एक राज्य सरकार प्रधानमंत्री पर अपने क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र के भीतर अपराध करने का आरोप लगाती है और उसे गिरफ्तार कर लेती है और मैजिस्ट्रेट प्रधानमंत्री को पुलिस या न्यायिक हिरासत में भेज देता है तो परिणाम भयानक और विनाशकारी होंगे। प्रतिरक्षा खंड के अभाव में क्या न्यायालयों को संविधान में निहित एक अनुच्छेद पढना चाहिए। एक प्रधानमंत्री और एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तारी से छूट तब तक है जब तक उसे लोकसभा या विधानसभा में विश्वास (बहुमत का समर्थन) प्राप्त है? यही असली मुद्दा है? उत्तर यह निर्धारित करेगा कि संसदीय लोकतंत्र के वेस्टमिंस्टर सिद्धांत जीवित रहेंगे या नहीं और भारत में संवैधानिक नैतिकता कायम रहेगी या नहीं।

# कूटनीति और राजनीति

–मनीष तिवारी–

दुनिया भर में ऐसे कई उदाहरण हैं जहां नेताओं ने राजनयिक और राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों का उपयोग पक्षपातपूर्ण राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करना उचित समझा है। अधिकांशतरू परिणाम विनाशकारी होते हैं। इसका उदाहरण 1962 का क्यूबा मिसाइल संकट है, जहां क्रमशरू अमरीका और यू.एस.एस.आर. की घरेलू और वैचारिक अनिवार्यताओं ने दुनिया को लगभग परमाणु युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया था। 1960 के संयुक्त राज्य अमरीका के राष्ट्रपति चुनावों के लिए राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी के अभियान ने सोवियत संघ के लिए आक्रामक परमाणु हथियारों के 'मिसाइल गैप' को बंद करने पर जोर दिया। तब अधिकांश अमरीकियों का मानना था कि सोवियत संघ के पास संयुक्त राज्य अमरीका की तुलना में परमाणु हथियारों का बड़ा भंडार था। यह एक प्रमुख घरेलू राजनीतिक प्रश्न बन गया था।

दूसरी ओर सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी (सी.पी.एस.यू.) के महासचिव और सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक संघ के अध्यक्ष निकिता ख्रुश्चेव एक कट्टर मार्क्सवादी–लेनिनवादी पार्टी के समर्थक थे। जब मार्क्सवादी– लेनिनवादी क्रांति ने क्यूबा में सत्ता पर कब्जा कर लिया तो ख्रुश्चेव और सी.पी.एस.यू. विचारक ऊर्जावान हो गए। ख्रुश्चेव को विश्वास था कि 1961 में 'बे ऑफ पिग्स' पर असफल आक्रमण, जिसमें अमरीका समर्थित निर्वासितों ने कैरेबियन में 'कम्युनिस्ट स्वर्ग' को उखाड़ फैंकने का प्रयास किया था, निश्चित रूप से असफल होगा। यह दोहराया गया कि इससे लैटिन और दक्षिण अमरीका में मार्क्सवाद–लेनिनवाद का प्रसार बाधित होगा। साम्यवाद के वैश्विक प्रसार के लिए सोवियत संघ की प्रतिबद्धता को देखते हुए क्यूबा में मिसाइलें तैनात करने के उनके कारण वैचारिक और अर्ध घरेलू थे। यह मिसाइल गैप को बंद करने के लिए नहीं था। इसके बाद सबसे भयानक 12 दिन थे जिन्होंने दुनिया को परमाणु सर्वनाश के कगार पर ला खड़ा किया।

हमारे समय की घरेलू साम्राज्यवादी विचारधारा से प्रेरित विदेश नीति में हस्तक्षेप का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण परमाणु हथियारों का डर है जिसे संयुक्त राज्य अमरीका ने 2003 में हमले के बहाने के रूप में इस्तेमाल किया था। सद्दाम हुसैन के शासन को गिराने की योजना किसी भी तरह से नहीं थी। जनवरी 2001 में बुश–43 प्रशासन के कार्यभार संभालने से पहले ही सद्गुण के प्रतिमान की कल्पना की गई थी। जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के व्हाइट हाऊस में प्रवेश करने से बहुत पहले, और 11 सितंबर के हमलों से कई वर्ष पहले उनके राष्ट्रपति पद की दिशा तय हुई थी। प्रभावशाली नव–परंपरावादियों के एक समूह को बोलचाल की भाषा में 'वल्कन' कहा जाता था, जो कैंडीडेट बुश–43 के विदेश नीति सलाहकार थे, जिन्होंने सद्दाम हुसैन से छुटकारा पाने के लिए ईराक पर कब्जा करने की साजिश रची थी।

वल्कन्स को न्यू अमरीकन सैंचुरी, या (पी.एन.ए.सी.) के लिए प्रोजेक्ट द्वारा आगे बढ़ाया गया था। 1997 में स्थापित, इसके संरक्षकों में रिपब्लिकन प्रशासन के 3 पूर्व दिग्गजों, अर्थात् डोनाल्ड रम्सफेल्ड, डिक चेनी और पॉल वोल्फोविट्ज को गिना जाता है, जो क्लिंटन प्रेसीडैंसी के दौरान हाइबरनेशन में थे। सन् 2000 के चुनाव से ठीक पहले जॉर्ज बुश–43 को सिफारिशों के एक सैट में, सत्ता में लाने वाले समूह ने भविष्यवाणी की थी कि सद्दाम हुसैन को बाहर करने के लिए अधिक मुखर नीति की ओर बदलाव धीरे–धीरे आएगा, जब तक कि 'कुछ विनाशकारी और उत्प्रेरक घटना न हो। यह घटना एक नए पर्ल हार्बर की तरह होगी।' वह घटना 11 सितंबर, 2001 को घटी थी। उस समय तक, डिक चेनी उप–राष्ट्रपति थे, डोनाल्ड रम्सफेल्ड रक्षा सचिव और पॉल वोल्फोविट्ज पेंटागन में उनके डिप्टी थे। अगली सुबह–इससे पहले कि यह पता लगाया जा सके कि 9ध्11 के लिए कौन जिम्मेदार था, डोनाल्ड रम्सफेल्ड ने एक कैबिनेट बैठक में तर्क दिया कि बॉब वुडवर्ड की पुस्तक 'बुश एट वॉर' के अनुसार ईराक में 'प्रमुख लक्ष्य' सद्दाम होना चाहिए।

## झोपड़ी में सो रहे मासूम की जलकर मौत

संवाददाता–देवरिया। जिले के बनकटा के पकड़ी नरहिया में रविवार की सुबह रिहायशी झोपड़ी में लगी आग से ननिहाल आए तीन वर्षीय मासूम जिंदा जल गया। मासूम के जिंदा जलने की सूचना के बाद सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंच एसडीएम समेत अन्य अधिकारियों ने परिवार के लोगों को सांत्वना देने के साथ ही आर्थिक मदद व अन्य सामान भी उपलब्ध कराया। मासूम के जिंदा जलने के बाद परिवार में मातम छा गया। पड़ोसी प्रांत बिहार के सिवान जनपद के तरवारा मोड़ के रहने वाले राजेश प्रसाद की ससुराल बनकटा के पकड़ी नरहिया में दुख नाथ के यहां हैं। इस समय राजेश की पत्नी सरिता अपने तीन वर्षीय बेटे रोशन के साथ अपने मायके आई हुई थी। रविवार की सुबह परिवार के कुछ लोग गेहूं की कटाई करने चले गए।

जबकि कुछ लोग ही घर पर थे। राजेश का बेटा रोशन भी झोपड़ी में ही था। अचानक झोपड़ी में आग लग गई। बताया जा रहा है कि परिवार के लोग भाग बाहर निकल गए और आग बुझाने लगे। रोशन के अंदर होने की किसी को भनक नहीं लगी। जब लोगों ने आग को बुझाने सफलता पाई और रोशन की तलाश शुरू हुई तो रोशन का शव तख्त के नीचे था। यह देख परिवार के लोगों के साथ ही अन्य लोगों की भी आंखें भर आई और दहाड़ मारकर रोने लगे। एसडीएम हरिशंकर लाल, नायब तहसीलदार डा.भागीरथी सिंह समेत अन्य अधिकारी भी पहुंच गए।

बेटे के शव को देख सरिता बेहोश होकर मौके पर ही गिर गई। गांव के लोगों ने पानी का छींटा मारकर सरिता को होश में लाया, लेकिन सरिता अपने लाल के खोने के गम को सहन नहीं कर पा रही थी और अपने गोद में मासूम का शव लेकर रोते–रोते बेहोश हो जाती। सरिता को रोता देख वहां मौजूद अन्य लोगों की भी आंखें भर आती। भाटपाररानी एसडीएम हरिशंकर लाल के अनुसार, आग लगने से मासूम की मृत्यु हुई है। आग कैसे लगी? कारण का पता नहीं चल सका है। परिवार को टीनशेड समेत अन्य सुविधि उपलब्ध कराई गई है।

## रेलवे ढाला के समीप खाद्यान्न से भरा ट्रक पलटा, चालक घायल

संवाददाता–देवरिया। बरहज थाना क्षेत्र के रेलवे पूर्वी ढाला के निकट रविवार को तड़के खाद्यान्न से भरा ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने से उसमें लदी बोरियां इधर–उधर बिखर गई। बोरियों पर खाद्य विभाग की मोहर लगी है। हालांकि विभाग इस मामले से पल्ला झाड़ रहा है। घटना में चालक को मामूली चोट आई है। करीब तीन बजे भोर में बालू छापर के निकट रेलवे ढाला पार करते समय खाद्यान्न से भरा ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और चालक को गाड़ी से बाहर निकाला। अंधेरा होने के चलते बोरे के बारे में कुछ पता नहीं चल सका। लेकिन उजाला होने के बाद बोरे पर विभाग की मुहर देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। चालक की माने तो वह क्षेत्र के ग्राम पैना में राशन लोड करने जा रहा था।

इस सम्बंध में पूर्ति निरीक्षक संजीव त्रिपाठी ने बताया कि यह राशन खाद्यान्न विभाग का नहीं है। एफसीआई के लोग ही कुछ बता सकते हैं।

## भाजपा का उद्देश्य आम आदमी हो खुशहाल– शिव नायक वर्मा

संवाददाता–श्रावस्ती। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को पार्टी कार्यालय में संयुक्त मोर्चा की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी शिव नायक वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

बैठक में शिव नायक वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच कार्य करता हुआ जनता के सुख दुख में शामिल रहते हुए सबका साथ सबका विश्वास को लागू कराता है। भाजपा का उद्देश्य आम आदमी की खुशहाली है। प्रधानमंत्री ने समाज के अंतिम तबके के व्यक्ति को भी लाभ दिया है। लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि शायद ही कोई घर ऐसा हो जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसी न किसी योजना का कोई लाभार्थी न हो। जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जातियों की नहीं लाभार्थियों की बात करती है। संयुक्त मोर्चा बैठक में प्रवेश आर्य, हरिओम तिवारी, गीता गुप्ता, जगराम मौर्य, मंजर हसन, चंद्रकुमार मिश्रा, माधुरी सिंह त्रिपाठी, जिला मंत्री अरुण पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी तथा जिला पदाधिकारी एवं मण्डल अध्यक्ष मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है –नरेश उत्तम पटेल

संवाददाता–देवरिया। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने रविवार को शहर के सीसी रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। प्रदेश की जनता भाजपा से नाराज है और 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम सामने आएगा।

सपा प्रदेश अध्यक्ष बनकटा विकासखंड के राजेंद्र बाबू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में पहुंचने से पूर्व पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप मढ़ते हुए कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र का क्षरण हो रहा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसंवाद जरूरी होता है, लेकिन जनता की समस्याएं उजागर न हो इसके लिए जानबूझकर सदन का कार्यकाल बहुत कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक परंपरा में पूरे वर्ष में 90 दिन सदन चलने का नियम है। लेकिन प्रदेश में बीजेपी के आठ साल के कार्यकाल में इसे बहुत संक्षिप्त किया गया है। उन्होंने आम जनता से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनाने का आह्वान किया। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष व्यास यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम प्रवेश बबलू सहित अन्य सपा नेता मौजूद रहे।

## पथरदेवा में आग से गेहूं की आठ बीघा फसल राख

संवाददाता–देवरिया। ट्रांसफार्मर की चिंगारी से रविवार सुबह करीब तीन दर्जन किसानों के खेतों में आग लग गई। इससे करीब आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल गिरीश यादव ने मौके पर जाकर फसल क्षतिपूर्ति की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी। बघौचघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुर्मीपट्टी के रहने वाले कादिर के खेत के पास बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर लगा है। रविवार की सुबह ट्रांसफार्मर से आपूर्ति हो रही थी। तभी करीब नौ बजे ट्रांसफार्मर की एचटी लाइन वाली खूंटी से चिंगारी निकलनी शुरू हो गई। चिंगारी खेत में गिरी तो आग पकड़ ली। तेज धूप व हवा के चलते थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आस–पास के खेतों तक फैल गई। आग की चपेट में आने से चंडी यादव, चंद्रिका, मर्जिना, रामफेर सिंह का दस–दस कट्ठा, कादिर का दो कट्ठा और सीर्मा सिंह की 13 कठ्ठा समेत करीब तीन दर्जन किसानों की फसल जल गई।

## जर्जर क्षत तोड़ रहे दो भाइयों की गिरकर मौत, पिता घायल

संवाददाता–कुशीनगर। कुशीनगर। जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुर माफी टोला कुंवर छपरा में अपने ही जर्जर मकान का छत तोड़ते समय छत सहित तीन लोग नीचे गिर कर मलबे से दब गये। ग्रामीणों ने मलबे से दबे तीनों घायलों को निकाला और रामकोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज कर तीनों घायलों शंभू पुत्र शंकर उम्र 42 वर्ष, प्रभु पुत्र शंकर 36 वर्ष व शंकर पुत्र जितई उम्र 60 वर्ष को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसमें पहले शंभू और बाद में उसके छोटे भाई प्रभु ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पिता का इलाज अभी चल रहा है। पुलिस ने दोनों भाइयों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम सभा हरपुर माफी के टोला कुंवर छपरा में रविवार की सुबह शंकर खट्टीक पुत्र जितई उम्र 60 वर्ष अपने दोनों लड़कों शंभू खट्टीक एवं प्रभु के साथ अपने नई मकान के सामने पुरानी जर्जर मकान के छत को छिन्नी, हथौड़ी से तोड़ रहा था कि अचानक छत टूट कर नीचे गिर गया। पिता व दोनों भाई भी छत के मलबे के साथ नीचे गिरकर मलबे के नीचे दब गये। छत गिरते ही तेज आवाज हुई, जिसे सुन कर अगल बगल के लोग दौड़ कर आये तो देखे कि पिता व उसके दोनों बेटे छत के मलबे के नीचे दबे हुए हैं। ग्रामीणों ने मलबे से हटाकर तीनों घायलों को बाहर निकाला, जिसमें शंभू मरणासन्न अवस्था में था। परिजन आनन फानन में तीनों घायलों को रामकोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने शंभू को मृत घोषित कर दिया। बाद में इलाज के दौरान शंभू के छोटे भाई प्रभु की भी मौत हो गयी। पिता शंकर का इलाज अभी चल रहा है। एक साथ हुए दो सगे भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## चुनाव संचालन समिति दायित्वों का करे निर्वहन –सूर्य प्रताप शाही

संवाददाता–देवरिया। कस्बा के निर्मल निकेत हॉल में चुनाव संचालन समिति की बैठक एवं भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस का कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विधानसभा स्तर पर चुनाव संचालन समिति का गठन कर कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी तय कर दी गई है। चुनाव संचालन समिति के जिम्मेदार कार्यकर्ता अपने–अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन कर चुनाव को सफल बनाएं। 44 साल पहले भाजपा की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी, आज वह सारे उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्यों की सरकारों के द्वारा पूरा किया जा रहा है। सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम की पराकाष्ठा के बदौलत केंद्र में पुनः नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ता केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी कार्यो को जन–जन तक पहुंचने का कार्य करें। अध्यक्षता मंडल राजेंद्र जायसवाल ने किया।

इस दौरान विनोद शंकर दुबे, बलराम उपाध्याय,अजय कुमार दुबे, अशोक कुमार पाण्डेय, अजय कुमार उपाध्याय, कुंज बिहारी सिंह, राज कुमार शाही, सुशील कुमार शाही, बिंदा कुशवाहा, अजीत सिंह, तिपुनायक विश्वकर्मा, जयनाथ कुशवाहा, सुरेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह टुनटुन, जय प्रकाश तिवारी, सुमेश्वर नाथ तिवारी, अनिल कुमार शाही, शशि रंजन तिवारी, संजय पटेल, डॉ पवन कुमार राय, गुड्डू गोस्वामी,राजन कुशवाहा, संजय सिंह, इन्दूभूषण कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## सेवा के प्रतिमूर्ति थे पूर्वाचार्य महंत लक्ष्मण दास

–भारतीय बस्ती संवाददाता– अयोध्या। संतो की सराय के रूप में जानी जाने वाली अयोध्या नगरी में समय–समय पर भजनानंदी संत होते रहे हैं जिनको ठाकुर जी के नाम जप पर अटूट श्रद्धा रहती थी और उनका मानना था की सेवा और नाम जब से ही पारब्रह्म परमेश्वर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम को महसूस किया जा सकता है इन्हीं संतो की मणि माला में से एक थे डांडिया मंदिर के पूर्वाचार्य महंत लक्ष्मण दास महाराज जिनकी पुण्यतिथि पर संतो महंतों भक्तों श्रद्धालुओं के साथ राजनेताओं की श्रृंखला लगी रही और सभी ने श्री महाराज जी को नमन करते हुए कहा कि ऐसे संत तपस्वी बहुत ही कम होते हैं जो ठाकुर जी के भजन के साथ सेवा को ही मात्र एक लक्ष्य मानकर जीवन भर चलते रहते है। ऐसे संतो की स्मृति जन्म जन्मांतर तक जीवित रहती है और उनके जीवन से सदा प्रेरणा मिलती रहती है। मंदिर के वर्तमान महंत महामंडलेश्वर गिरीश दास महाराज ने सभी संतों का स्वागत सत्कार किया। श्री महाराज जी को श्रद्धांजलि निवेदित करने के लिए मणिराम छावनी के उत्तराधिकारी मान्य कमल नयन दास, जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य,नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास, श्री राम वल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार दास, महंत रामानंद दास, महंत वैदेही बल्लभ शरण, महंत राजीव लोचन शरण, महंत गिरीश पति त्रिपाठी, महंत जनार्दन दास, महंत शशिकांत दास, महंत मनीष दास, महंत अवनीश, दास श्री राम आश्रम के महंत जयरामदास,प्रियस दास सहित सैकड़ों की संख्या में संत महंत भक्त एवं जन नेता उपस्थित होकर के श्री महाराज जी के प्रति श्रद्धा निवेदित किए।

## जंगल से निकल कर तेंदुए ने पड़वा को मार डाला

संवाददाता–श्रावस्ती। पूर्वी सोहेलवा रेंज से निकल कर तेंदुए ने बेचईपुरवा गांव में हमला करके एक पड़वे को मार डाला। शोरगुल सुन कर ग्रामीण दौड़ पड़े तो तेंदुआ पड़वे को छोड़ कर भाग गया। जानकारी होने पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और मृत जानवर का पोस्टमार्टम कराया।

पूर्वी सोहेलवा रेंज जंगल के पास बेचई पुरवा निवासी विजय कुमार पुत्र हरिद्वार ने शनिवार की रात भैंस के बच्चे पड़वा को घर के सामने बांध दिया था। इसके कुछ दूरी पर घर के बरामदे में सो गया। रात करीब तीन बजे पड़वे के चिल्लाने की आवाज आने लगी। इस पर चारपाई से उठ कर देखा तो एक तेंदुआ हमला कर पड़वे को घायल कर रहा था। इस पर विजय कुमार ने शोरगुल मचा दिया। इससे आसपास के लोग दौड़ पड़े। लोगों की भीड़ को देखते हुए तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। लोगों ने मौके पर जाकर देखा तब तक पड़वे की मौत हो गई थी। खूंटे से रस्सी बंधी होने के कारण तेंदुआ पड़वे को नहीं ले जा सका। ग्रामीणों ने घटना की सूचना रेंजर अनिमेष वर्मा को दी।

इस पर रेंजर अनिमेष वर्मा वन रक्षक अखिलेश सिंह व अन्य वन कर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। रेंजर ने बताया की मृत पड़वे का पोस्टमार्टम करवाया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

## चैत्र नवरात्रि की व्यवस्था को लेकर हुई मंदिर समिति की बैठक

संवाददाता–बहराइच। सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर नानपारा प्रांगण में चैत्र नवरात्रि कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर मंदिर समिति की बैठक समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र कान्त श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति सदस्यों को नवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रमों का दायित्व सौंपा गया। समिति अध्यक्ष डीके श्रीवास्तव ने बताया कि नित्य मंदिर पुजारी राम गोपाल मिश्रा सन्तोष पाठक की ओर से दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ नवरात्रि की अष्टमी को अखण्ड रामायण पाठ का शुभारम्भ होगा। नवमी समापन कर हवन पूजन व प्रसाद भोग का आयोजन किया जाएगा। मन्दिर सजावट का दायित्व अंकुर श्रीवास्तव व हर्ष गुप्ता को दिया गया। बैठक में वीरांगना कांत श्रीवास्तव, अशोक पाण्डेय, उमेश चन्द्र शाह, अंकुर श्रीवास्तव, अजय अग्रवाल, संदीप साहू,राम गोपाल मिश्रा, केशव पाण्डेय, हर्ष गुप्ता, संतोष पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## शहर में दोनक्का से पुलिस लाइन तक लग रहा जाम

संवाददाता–बहराइच। शहर के चुंगीनाका रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण शुरू करने के लिए गोंडा की ओर से आने वाले वाहनों को पुलिस लाइन से डायवर्ट किया जा रहा है। बक्शीपुरा मोहल्ले के अंदर से आसाम रोड से होकर आने–जाने वाले वाहन भी इसी रास्ते होकर शहर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं।

ऐसी स्थिति में पुलिस लाइन मोड़ के पास दोपहर मीलों तक वाहनों का लंबा जाम लग रहा है। बहराइच–गोंडा मार्ग पर शहर स्थित पूर्वी रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। अब कार्यदाई संस्था क्रासिंग के ऊपर पुल का निर्माण कराने जा रही है। बहराइच–गोंडा हाईवे पर रेलवे क्रासिंग से होकर शहर के अंदर जाने के लिए आवागमन बंद कर दिया गया है। वैकल्पिक व्यवस्था न होने की वजह से बक्शीपुरा, चांदमारी, घोसियावाड़ा, दयालपुरवा, चौतुपुरवा, शिवनगर के लोग बक्शीपुरा के अंदर से होकर पुलिस लाइन मोड़ पहुंचकर पुलिस लाइन रोड से होकर शहर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं, जबकि गोंडा व बलरामपुर से आने वाले वाहन भी इसी रास्ते से आवागमन कर रहे हैं। अन्य कोई दूसरा रास्ता न होने की वजह से सुबह से लेकर शाम तक वाहनों का भारी जाम पुलिस लाइन से लेकर दोनक्का तक लग रहा है। दोपहर के समय में हालात और विकट हो जा रहे हैं, जब स्कूलों में बच्चों की छुट्टियां होती हैं। ऐसे में घंटों वाहन जाम में फंसे रहते हैं। दो दिनों में ही हालत बेकाबू हो रहे हैं। वैकल्पिक व्यवस्था न होने की वजह से लगभग 20 हजार आबादी के आवागमन की मुश्किलें खड़ी हो गई हैं।

## रेलवे क्रासिंग से आवागमन बंद होने पर फूटा गुस्सा, सड़क पर उतरे लोग

संवाददाता–बहराइच। चुंगीनाका रेलवे क्रासिंग पर पुल निर्माण को लेकर आवागमन बंद होने से परेशान बक्शीपुरा मोहल्ले के लोगों के सब्र का बांध रविवार को टूट गया। सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुषों की भीड़ सड़क पर उतर आई। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के रास्ता बंद करने का मामला लेकर जनप्रतिनिधियों के चौखट पर पहुंचे। बोले समस्या का समाधान न होने पर विरोध आंदोलन का रूप लेगा।

बहराइच–गोंडा हाईवे के चुंगीनाका रेलवे क्रासिंग को अचानक बंद किए जाने से बक्शीपुरा समेत कई मोहल्ला का शहर के अंदर आवागमन सीधे तौर पर प्रभावित हो रहा है। मोहल्ले के अंदर से निकल कर भारी वाहन पुलिस लाइन रोड से होकर गुजर रहे हैं। इस समस्या को लेकर रविवार लगभग 600 महिलाएं व पुरुष बक्शीपुरा मोहल्ले में एकत्र हुए। रेलवे व प्रशासन के रवैए के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सांसद अक्षयवरलाल गोंड व एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी के आवास कूच कर गए। सड़कों पर नारी शक्ति का सैलाब देखकर जनप्रतिनिधियों के भी होश उड़ गए। समाज सेवी मनी राम वर्मा ने कहा कि यह समस्या विकट हो गई है। इसका तात्कालिक समाधान कराएं। पीके सिंह ने कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए ही रास्ता बंद करना न्यायोचित नहीं है। इसको गंभीरता से लेना होगा। सत्यदेव मिश्र ने कहा कि पूर्व में सिटी मजिस्ट्रेट से वार्ता हुई थी। उन्होंने मार्ग बंद करने से पहले वैकल्पिक रास्ता बनाए जाने का आश्वासन दिया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया है।

समासद प्रतिनिधि अखिलेश यादव ने कहा कि मोहल्ले की समस्याओं को लगातार बोर्ड की बैठक में उठाया गया है, लेकिन उनके मुद्दे की अनदेखी की जा रही है। सुभाष चंद्र पांडेय, श्यामलाल दूबे, दद्दू मिश्र, केडी सिंह, महेश पाठक, दीपू सिंह, बड्डू पांडेय, अंकुरेश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, वंदना शुक्ला, दीपा श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## महिलाओं को चाहिए रोजगार व सुरक्षा की गारंटी, तभी चुनेंगी सांसद

संवाददाता–बलरामपुर। देश में खुशहाली लाने के लिए महिलाओं को स्वरोजगारी बनाना जरूरी है। साथ ही सरकार को सुरक्षा की गारण्टी देनी होगी। महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देकर देश में खुशहाली लाई जा सकती है। खुशहाल देश में लोकतंत्र का मजबूत होना जरूरी है। यह तभी संभव है जब बेटियों की सुरक्षा व शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। महिलाओं के हाथ में रोजगार हो तो वे किसी की मोहताज नहीं रहेंगी। यह कहना है नौकरी पेशा महिलाओं का। चौपाल में लोकसभा चुनाव को लेकर अपने विचार रखे। नौकरी पेशा महिलाओं का मानना है कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने का सबसे बड़ा हथियार शिक्षा व रोजगार है। जिन महिलाओं को शिक्षा व रोजगार के लिए घर से बाहर निकलने का मौका मिलता है वे अधिक जागरुक होती हैं। उन्हें अपने मत की कीमत की जानकारी होती है। उन्हें यह भी पता होता है कि लोकतंत्र में मतदान का क्या महत्व है। महिलाओं ने दी जाने वाली सुविधाओं को नाकाफी बताया। सुष्मिता बोलीं कि सबसे बड़ा सवाल महिलाओं की सुरक्षा का है। छात्र जीवन से लेकर मां बनने तक महिलाओं के साथ घर की दहलीज पार करते ही उत्पीड़न शुरू हो जाता है। निमिषा संवाद कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मुखर रहीं। वह बोलीं कि समाज का माहौल ऐसा होना चाहिए कि महिलाएं बेखौफ होकर घर से बाहर निकल सकें। आते–जाते उन्हें किसी का भय न रहे। नौकरी पेशा महिलाओं ने अपने सांसद की खूबियां भी गिनाईं। कहा कि तमाम प्रत्याशी जीतकर चले जाते हैं, उन्हें महिलाओं के सम्मान का कोई ख्याल नहीं रहता। वे महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का कोई प्रयास नहीं करते। ऐसे लोग वोट पाने के हकदार नहीं हो सकते। गरीब महिलाओं में भिक्षावृत्ति की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। ऐसी महिलाओं पर प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें उनकी कार्यकुशलता के हिसाब से प्रशिक्षण देकर स्वरोजगारी बनाया जा सकता है। समय यह है कि किसी भी दुकान पर खड़े होते ही महिलाएं गोद में बच्चा लिए भीख मांगने के लिए खड़ी हो जाती हैं। ऐसी महिलाओं को सुधारने वाले सांसद की जरूरत है। महिलाओं का कहना है कि सरकार को स्वरोजगार में नियमों को शिथिल करने की जरूरत है। महिलाओं को अगर समय से ऋण से मिल जाए तो उन्हें स्वरोजगारी बनने में आसानी होती है। सरकार चाहे तो महिलाओं को रोजगार देने के लिए ब्याज रहित ऋण दे सकती है।

## तरावीह के दौरान कुरान शरीफ मुकम्मल, आयोजित हुई मिलाद की महफिल

संवाददाता–श्रावस्ती। लक्ष्मनपुर बाजार स्थित जामा मस्जिद में 26 वें रमजान पर तरावीह में कुरान मुकम्मल हुई। इस मौके पर मस्जिद में एक महफिल का आयोजन हुआ। इसमें नात पाक, तकरीर व सलाम पढ़ कर मौलाना मेराज अहमद ने रमजान और कुरान की बरकत, तरावीह व रोजे में अल्लाह व उसके रसूल के हुक्म पर बयान दिया और दुआ की।

26 वें रमजान को तरावीह में कुरान मुकम्मल होने पर हुई महफिल में तकरीर करते हुए मौलाना मेराज अहमद ने फरमाया कि वह लोग खुशनसीब है। जिनको तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनने के लिए मिला। यह सदका हमारे नबी का है जिसकी वजह से अल्लाह का कलाम हमको नसीब होता है। अल्लाह ने फरमाया है कि हमने ही इसको नाजिल किया है। हम ही इसकी हिफाजत करेंगे। महफिल को खिताब करते हुए मस्जिद के इमाम मोहम्मद अहमद ने कहा कि तरावीह अभी खत्म नहीं हुई है। तरावीह में कलाम पाक सुनना अलग सुन्नत है और पूरे माह तरावीह सुनना अलग सुन्नत है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को रोजा रखना चाहिए और अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। तरावीह में कुरान ए पाक मुकम्मल होने पर मौजूद लोगों की ओर आलिम ए दीन हाफिज अरफात की माला पहनाकर इज्जत अफजाई की गई। इस मौके पर डाक्टर बाबू सहरुद्दीन सकील अहमद निजामुद्दीन अकबाल व सैकड़ो की संख्या में अकीदत मंद मौजूद रहे।

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान मुख्य राजस्व अधिकारी महोदय अयोध्या

कम्प्यूटर वाद सं.201904230002707

धारा 30 राजस्व संहिता अधिनियम

रामचन्दर बनाम

बनाम

गांवसभा आदि

बनाम–1– गांवसभा हथिगो परगना पश्चिम राठ तहसील बीकापुर जिला अयोध्या द्वारा ग्राम प्रधान 2– राज्य सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी महोदय अयोध्या 3– राम मिलन पुत्र राम नरेश 4– फग्गू 5– दशरथदीन 6– श्रवण 7– महेन्द्र 8– धर्मेन्द्र पुत्रगण मातादीन समस्त निवासीगण 3 ता0 8 ग्राम– हथिगो परगना पश्चिम राठ तहसील बीकापुर जिला अयोध्या

**तारीख पेशी 12–04–2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 04 के 12 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 24 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद

मूल वाद सं. 914 / 2023

अजय प्रकाश आदि

बनाम

ओम प्रकाश

बनाम–1–ओम प्रकाश पुत्र स्वर्गीय प्रिसदास 2– रंजना देवी पत्नी ओम प्रकाश निवासी बस स्टेशन चौराहा गोसाईगंज बाजार परगना अमसिन तहसील सदर जनपद– अयोध्या 3– राम करन यादव पुत्र राम अवध निवासी नन्दनगर मौजा अंकारीपुर परगना अमसिन तहसील सदर जनपद– अयोध्या 4– शेष नरायन पाण्डेय उर्फ प्राणनाथ पाण्डेय निवासी ग्राम–धारूपुर पोस्ट– गोसाईगंज परगना अमसिन तहसील सदर जनपद– अयोध्या 5– बृजेश कुमार यादव पुत्र राम किशोर यादव 6– विमला देवी पत्नी राम बहादुर 7– लाल बहादुर पुत्र रामनरायन निवासीगण ग्राम– नन्दनगर मौजा अंकारीपुर परगना अमसिन तहसील सदर जनपद– अयोध्या 8– ऊषा देवी पत्नी पारसनाथ 9– संगीता देवी पत्नी अमरनाथ निवासीगण 8 ता0 9 कटरा गोसाईगंज (भीटी चौराहा) परगना अमसिन तहसील सदर जनपद– अयोध्या 10– गुड्डन दूबे पुत्र उदयनरायन दूबे ग्राम– अहिरौली (चन्द्रिकागंज) परगना पश्चिमराठ तहसील बीकापुर जनपद–अयोध्या 11– वीरेन्द्र कुमार मिश्र पुत्र कालिका प्रसाद निवासी कटरा हनुमानमंदिर के सामने गोसाईगंज बाजार परगना अमसिन तहसील सदर जिला– अयोध्या 12– दीपक कुमार 13– रूपेश कुमार पुत्रगण राकेश कुमार निवासीगण 12 ता. 13 कटरा बस स्टाप गोसाईगंज बाजार परगना अमसिन तहसील सदर जिला–अयोध्या

**तारीख पेशी 10–04–2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 04 के 10 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 24 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

### अदालती नोटिस

(हेतु सन्दर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप)

न्यायालय–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय फैजाबाद

मूल वाद सं. 322 / 2023

जितेन्द्र

बनाम

राम तेज आदि

बनाम–1–रामतेज पुत्र स्वर्गीय राम पियारे 2– जगदम्बा प्रसाद पुत्र रामतेज 3– हनुमान पुत्र रामतेज 4– अम्बुज कुमार 5– अम्बुज कुमार 6– प्रभंजन कुमार पुत्रगण रमापति 7– राम सुन्दर 8– कृष्णपति पुत्रगण राम पियारे 9– राम कुमार पुत्र सभापति 10– राम अछैबर पुत्र राजदत्त 11– परमानन्द पुत्र राम मनोरथ 12– प्रेम नरायन 13– शेष नरायन 14– राजेश कुमार पुत्रगण वासदेव 15– राम नरायन पुत्र नरसिंह नरायन 16– हौसला प्रसाद पुत्र परागदत्त 17– रामलल्लू पुत्र परागदत्त 18– हरिशंकर 19– रविशंकर पुत्रगण यदुनाथ 20– अमरनाथ 21– रमेश कुमार 22–अरुण कुमार पुत्रगण रामचन्दर 23– लाल बिहारी 24– प्रेमनरायन 25– अवधेश कुमार 26– राजकरन पुत्रगण राधेश्याम 27– श्रीमती सुनीता देवी पत्नी लक्ष्मीकान्त 28– कपिलदेव पुत्र राम सुन्दर 29– दुर्गा प्रसाद पुत्र राम सुमिरन 30– राजनरायन पुत्र राधेश्याम 31– ब्रम्हदेई पत्नी स्वर्गीय रामचन्दर 32– कमलापति पुत्र नन्द किशोर 33– देवशरण पुत्र राम पियारे 34– तेजपति पुत्र राम पियारे 35– रामबीरज 36– मनीराम पुत्रगण रामनाथ समस्त निवासीगण ग्राम– देवनपारा पूरे सुक्खा परगना पश्चिम राठ तहसील मिल्कीपुर जिला– अयोध्या

**तारीख पेशी 16–05–2024**

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु सन्दर्भित करने के लिये 2024 के माह 05 के 16 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 24 के माह के दिवस को निकाली गयी।

द0 हाकिम

# पत्नी की हत्या में नेपाल का इनामी आरोपी गिरफ्तार, मुठभेड़ में लगी गोली

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के एक गांव में लाकर अपनी पत्नी की हत्या कर फरार चल रहे नेपाल के आरोपी पुलिस ने शनिवार रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसकी पत्नी भी नेपाल की रहने वाली थी। मोहाना थाना क्षेत्र के डफालीपुर पुल के पास 2022 में हाथ–पैर बंधी एक महिला की लाश मिली थी। पुलिस की जांच में पता चला कि मृतका नेपाल की रहने वाली है और उसकी हत्या पति ने ही की है। पुलिस ने आरोपी पति संजय लोध पुत्र बालमुकुंद लोध निवासी माया देवी गाऊ पालिका वार्ड नंबर नौ, धमौली टोला, थाना सूर्यपुरा, जिला रुपनदेही, नेपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया था। आरोपी के लगातार फरार रहने पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया था। शनिवार रात एसओजी, सर्विलांस सेल व थानाध्यक्ष मोहाना को सूचना मिली कि आरोपी नेपाल से डफालीपुर पुल के रास्ते सिकरी बाजार की तरफ अपने रिश्तेदार के घर जाएगा। पुलिस टीम डफालीपुर पुल के उत्तरी छोर पर पहुंचकर चेकिंग करने लगी। कुछ देर बाद एक बाइक आई। टार्च जलाने के साथ हाथ देकर रुकने का इशारा किया गया तो वह तेजी से गाड़ी मोड़कर भागने के प्रयास में गिर गया और बाइक छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो फायरिंग कर दी। गोली थानाध्यक्ष मोहाना के कान के बगल से निकल गई। पुलिस टीम ने आत्मसमर्पण के लिए कहा तो दूसरे राउंड के लिए गोली लोड करने लगा। पुलिस की जवाबी फयरिंग में गोली आरोपी के पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने उसे सीएचसी बर्डपुर में भर्ती कराया है। मुकदमे में धाराएं बढ़ा दी गई हैं। पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपी संजय लोध ने बताया कि उसकी दूसरी शादी नेपाल के भभई थाना लुंबिनी जिला रुपनदेही नेपाल की रहने वाली भामा देवी की पुत्री सरोज से 2021 में हुई थी। उसे पत्नी के अवैध संबंध का शक था। इसी कारण 28 नवंबर 2022 को वह उसे लेकर सीकरी मेला दिखाने के बहाने से लेकर आया और अपने रिश्तेदार इंद्रेश पुत्र नकछेद निवासी लोधपुरवा, थाना मोहाना के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। हाथ–पैर रस्सी से बांध कर डफालीपुर पुल के पास फेंक दिया था। पहली पत्नी के संबंध में बताया कि वह भी नेपाल की रहने वाली थी। उसने उसकी भी एक वर्ष के भीतर घर पर ही हत्या कर दी थी। इस आरोप में नेपाल में 18 माह जेल में बंद था।

मुठभेड़ में गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने एक तमंचा 32 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक बाइक, एक मोबाइल व 800 भारतीय व 300 रुपये नेपाली बरामद हुए हैं। थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी, प्रभारी एसओजी शेषनाथ यादव, प्रभारी सर्विलांस सुरेंद्र सिंह, एसआई अनिरुद्ध सिंह, हेडकांस्टेबल राजीव शुक्ला, दिलीप कुमार, आशुतोष धर दूबे, हिन्दे आजाद, जनार्दन प्रजापति, विवेक मिश्रा, दिनेश चन्द यादव, आनन्द प्रताप चौरसिया, शैलेन्द्र गिरी, कांस्टेबल सतेंद्र यादव, रोहित चौहान, विरेंद्र त्रिपाठी, छविराज यादव, अभिनंदन सिंह, सिद्धार्थ सिंह, नितिन पाठक शामिल रहे। प्राची सिंह, एसपी ने कहा कि लंबे समय से फरार चल रहे हत्यारोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की लंबे समय से तलाश थी। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई है।

# चोरों ने डेढ़ लाख रुपये नगद सहित करीब 8 लाख के जेवर उड़ाए

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** जिले के खलीलाबाद कोतवाली थाना अंतर्गत कांटे पुलिस चौकी क्षेत्र के तेनुहारी दोयम में शनिवार की रात कोटेदार के घर चोरी हो गई। चोर डेढ़ लाख नगद सहित करीब आठ लाख रुपये के जेवर उठा ले गए। सूचना पर पहुंची कांटे पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कोटेदार ध्रुप राज पुत्र स्वर्गीय मरजाद पांडेय ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात भी परिवार के सभी लोग भोजन करने के बाद अपने–अपने स्थान पर सो गए। सुबह करीब पांच बजे जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि जिस कमरे में जेवर और नगदी रखा हुआ था उसका ताला टूटा पड़ा है। परिवार के अन्य लोगों को भी इसकी जानकारी देकर सामानों की तलाश करने में जुट गए। चोरों के पैरों के निशान देखते हुए वह लोग गांव के पास से गुजरने वाली सरयू नहर के पास पहुंचे जहां उनका दो बक्सा पड़ा हुआ था। ध्रुप राज ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी विवाह योग्य हो गई है। धीरे–धीरे उसकी शादी की व्यवस्था की जा रही थी। कई वर्षों की बचत के बाद उन्होंने बेटी की शादी के लिए जेवर बनवा कर रखा था। साथ ही उनकी माता जी के बक्से में परिवार का पुश्तैनी जेवर भी रखा था। इसके अलावा डेढ़ लाख रुपए नगद भी घर में रखा था। चोर सब कुछ उठा ले गए। परिवार के अन्य सदस्यों ने बताया कि लग रहा है जैसे घर में घुसते ही चोरों ने किसी ऐसे पदार्थ का छिड़काव कर दिया जिससे उन लोगों की नींद नहीं खुली। आशंका जताई जा रही है कि घर में बने रोशनदान के रास्ते चोरों ने घर के अंदर प्रवेश किया होगा। उसके बाद घर के पीछे लगे दरवाजे का ताला तोड़ दिया होगा और सारा सामान पीछे के रास्ते उठा ले गए होंगे। चोरी की इस घटना से परिवार के लोग सदमे में हैं। क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पर तरह–तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं।

# चौरीचौरा में कबाड़ की दुकान और मकान में लगी भीषण आग

**संवाददाता–गोरखपुर।** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के फुटहवाइनार में 32 केवी उपकेंद्र के पास में अज्ञात कारणों से रविवार की भोर में कबाड़ की दुकान में आग लग गई। आग की लपट की चपेट में पड़ोस का एक मकान भी आ गया। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। एम्स क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी विद्यासागर जायसवाल की फुटहवाइनार चौराहे के बगल में कबाड़ की दुकान है। भोर में तीन बजे अज्ञात कारणों आग लग गई। आसपास के लोगों ने आग की लपट देखकर स्थानीय पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद पांच घंटे में आग पर काबू पाया गया। कबाड़ दुकानदार के अनुसार लगभग दस लाख रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं बगल में स्थित रमेश जायसवाल के मकान में भी आग के लपटों के कारण लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया है। मौके पर थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह, तरकुलहा चौकी प्रभारी अभिषेक राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राम की कृपा से बना भव्य मंदिर –कलराज मिश्र

**संवाददाता–अयोध्या।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र परिवार समेत रविवार को अयोध्या पहुँचे। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल कलराज मिश्रा ने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचा हूं। स्वाभाविक है कि जिस मंदिर के निर्माण के लिए कोटि–कोटि लोग लगे रहे, आंदोलनरत रहे, हम सब लोग भी आंदोलन में सहभागी थे। जब मंदिर बन गया तो मन को इतनी प्रसन्नता हुई है कि इसको प्रकट नहीं किया जा सकत। अयोध्या पहुंचकर मैं अपने को धन्य महसूस कर रहा हूं। यह कभी कल्पना नहीं की थी कि हम लोगों के काल में राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा लेकिन भगवान राम की कृपा से भगवत कृपा से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। संत महात्माओं के सामूहिक प्रयास से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। अयोध्या में बहुत परिवर्तन हो चुका है। मैं अयोध्या पहुंचकर देख रहा हूं। क्या मैं उस अयोध्या में पहुंचा हूं जहां मैं बार–बार आता था या किसी और नगरी में पहुंच गया हूं। अयोध्या में जबरदस्त विकास हुआ है। महर्षि बाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भव्य बना है, इसने अयोध्या का स्वरूप ही बदल दिया है। यहां आने के पश्चात एक अद्भुत प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। यहां के विकास को देखकर लगा कि विश्व भर के लोग आकर रामलला का दर्शन करें।

# मकान में लगी आग, डेढ़ साल के बच्ची की मौत

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बाघनगर में रविवार को दोपहर करीब 12 बजे एक पक्के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। आग इतनी तेज थी कि मोहल्ले के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं पक्के मकान के सटकर रखे छप्पर भी आग के चपेट में आ गया। छप्पर के नीचे सो रही डेढ़ वर्षीय बच्ची रहनुमा पुत्री लल्ला उर्फ अहमद जलकर मर गई। इसके साथ ही 3 बकरी बड़ी और 2 छोटी बकरी भी जलकर मर गई। आग की चपेट में आकर कमरे में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। गाँव के लोगों ने मौके पर जुटकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। तब तक सब कुछ खाक हो गया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। बच्ची की मौत हो जाने से परिवार के लोगो का रो रो कर बुरा हाल है।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही उप जिला अधिकारी शैलेश कुमार दुबे, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद बृजेश सिंह, तहसीलदार जनार्दन प्रसाद, दुधारा थाना प्रभारी पंकज कुमार पांडेय, बाघनगर चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव, कानून गो राम अजोर, लेखपाल संजय कुमार मिश्रा सहित पुलिस व राजस्व विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंची। मौके पर हुए नुकसान का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसडीएम ने नुकसान का आंकलन राहत दिलाने का निर्देश दिया है।

# ईद–उल–फित्र के पहले गरीबों तक पहुंचाएं जकात व फितरा की रकम

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** अलविदा की नमाज के बाद माह–ए–रमजान अंतिम दौर में पहुंच गया है। ईद की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। ऐसे में लोग अपने आसपास अपनों का ध्यान रखें। मौलाना गुफरान नदवी ने कहा साथ ही ईद–उल–फित्र से पहले जकात व फितरे की अदायगी कर दें। हर साहबे नेसाब को जकात की अदायगी करना जरूरी है। माल के शुद्धीकरण के लिए ढाई प्रतिशत जकात निकालना इस्लामी फरीजा है। माह–ए–रमजान में जिस तरह सें लोग रोजा रख कर अपने शरीर को रोग मुक्त कर शुद्धीकरण करता है। उसी तरह वर्ष भर में एक बार अपने माल का ढाई प्रतिशत जकात निकाल कर माल का शुद्धीकरण कर लेना चाहिए। जकात वर्ष के किसी भी माह में निकाला जा सकता है। मगर रमजान में की गई हर इबादत अन्य माह के अनुपात में 70 गुना सवाब मिलता है।

इसलिए अधिक सवाब के चलते अधिकांश लोग इसी माह जकात, खैरात व इमदाद करते हैं। मौलाना गुफरान नदवी ने बताया कि जकात की रकम देने के लिए सबसे पहले अपने घरों में तलाश करो। हो सकता है कि आपके घर खानदान में ऐसे लोग हों जो जकात के मुस्ताहिक हैं। सब पहला हक उन्हीं लोगों का है। फिर रिश्तेदारों के घरों में तलाश करें। अधिकांश भाई व रिश्तेदार शर्माहोजोरी के चलते आपसे कह नहीं सकते। ऐसे हालात में आपको उनकी मदद करना जरूरी है। मौलाना जकी नदवी ने कहा कि जकात का धन गरीबों, मिसकीनों गरीब, विधवा, बेसहारा महिला, सगे रिस्तेदार जो जकात के मुस्ताहिक हो दें सकते हैं। उन्होंने बताया भाई, बहन, मामा, भांजा सहित कई रिश्तेदार को जकात का पैसा दे सकते हैं।

# रामलला को गर्मी से बचाने के लिए लगाया गया कूलर भोग में दिए जा रहे मौसमी फल, रबड़ी और दही



**संवाददाता–अयोध्या।** रामलला को गर्मी से बचाने के लिए गर्भगृह में कूलर लगा दिया गया है। लगातार बढ़ रहे तापमान के चलते रामलला गर्मी की तपिश झेल रहे थे। ऐसी मान्यता है कि जिन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हो जाती है उसमें भगवान का वास हो जाता है। आम जीवों की तरह उन्हें भी ठंडी, गर्मी, भूख, प्यास का अहसास होता है। राममंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। इसलिए उनकी सेवा एक बालक की तरह ही की जाती है। रामजन्मभूमि के मुख्य अर्चक आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि गर्भगृह में कूलर की व्यवस्था ट्रस्ट की ओर से कर दी गई है। एसी भी आ गया है। वह भी रविवार तक लग जाएगा। रामलला को गर्मी से बचाने के लिए उनके राग–भोग में भी बदलाव किया गया है। रामलला को गोटेदार सूत्री वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। भोग में दही व रबड़ी बढ़ा दी गई है। मौसमी फलों का भी भोग लगाया जा रहा है।

रामलला के दरबार में नौ दिनों तक विधि विधान से शक्ति उपासना की जाएगी। चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर नौ अप्रैल को रामलला के दरबार में कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय अनुष्ठान शुरू होंगे। 17 अप्रैल को राममंदिर में रामजन्मोत्सव का पर्व भव्यता पूर्वक मनाया जाएगा। पांच सौ वर्षों के बाद रामलला भव्य महल में रामजन्मोत्सव मनाने जा रहे हैं। इसलिए राममंदिर ट्रस्ट की ओर से उत्सव को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां जोरों पर की जा रही है।

रामलला के प्रधान पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि हिंदू नव वर्ष के दिन चांदी की चौकी पर कलश स्थापना की जाएगी। इसके बाद नौ दिनों तक रामलला के साथ ही मां दुर्गा की भी पूजा–अर्चना होगी। नवरात्र में जो पूजन विधि बताई गई है, वैदिक आचार्य उसी विधि से मां शक्ति की पूजा–अर्चना करेंगे। नौ दिनों तक रोजाना दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा। वेदमंत्रों से हवन कुंड में आहुतियां अर्पित की जाएंगी।

भव्य मंदिर में रामलला के पहले जन्मोत्सव यानी रामनवमी पर मां दुर्गा सहित सभी देवी–देवताओं को विधि पूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। जन्मोत्सव के मौके पर नवमी तिथि को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग रामलला को अर्पित कर सभी श्रद्धालुओं को भोग लगा हुआ प्रसाद वितरित किया जाएगा। दशमी तिथि को भी प्रसाद बांटा जाएगा। ट्रस्ट की ओर से अन्य कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# आग ने मचाई तबाही, करीब 600 बीघा गेहूं की फसल राख

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र में रविवार को आग ने एक बार फिर तबाही मचाई। आग से किसानों के गाढ़ी कमाई का करीब 600 बीघा गेहूं की फसल को राख कर दिया। काफी देर बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ब्रिगेड ने तीन घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बुढ़ियाटायर गांव के पूरब दोपहर करीब एक बजे आग की लपटें दिखी। तेज हवा के कारण थोड़ी देर में आग ने अपना विकराल रूप धारण कर तबाही मचाना शुरू कर दिया।

# सदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, सड़क किनारे गड्ढे में मिला शव

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भरवठिया से पेड़रिया जीत मार्ग पर रविवार की सुबह किसी व्यक्ति ने सड़क की खनती में एक युवक का शव देख 112 पर सूचना दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । उक्त मार्ग पर रविवार की सुबह शव मिलने की सूचना पर आसपास गांव के लोगों का हुजूम टूट पड़ा। जिसकी सूचना स्थानीय थाने पर दी गई। शव की पहचान 34 वर्षीय बच्चाराम पुत्र जगराम निवासी बिथारिया के रूप में हुई। वह रविवार की शाम 4 बजे अपनी पत्नी संगीता को उसके रिश्तेदार पाले यादव निवासी बढ़या त्रिलोकपुर ले गया था। जहां भागवत कथा व भंडारे का कार्यक्रम था। पत्नी को छोड़कर वह वापस आ गया। रात में वह उक्त कार्यक्रम में जाने शामिल होने जा रहा था लेकिन सुबह उक्त स्थान पर उसका शव मिला। मोटरसाइकिल व घटना स्थल स्थित पुल की रेलिंग टूटी हुई मिली। मृतक का शव घटना स्थल से बीस फिट दूर मिला। दाहिना पैर टूटा हुआ और सिर में गंभीर चोट लगने के निशान मिले। स्वजनों का कहना है कि दुर्घटना दिखाकर हत्या किया गया है। एडिशनल एसपी सिद्धार्थ, सीओ अखिलेश वर्मा, थानाध्यक्ष डुमरियागंज मुकेश राय, भवानीगंज पुलिस, 112 पीआरबी, फोरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी है।

# शिवलिंग तोड़ने के आरोप में एक गिरफ्तार

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** गेंगटा में शिवलिंग तोड़ने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एसओजी सर्विलांस व खेसरहा पुलिस टीम को चौथे दिन सफलता मिली है। आरोपी ने बताया कि उसका बेटा बीमार था और उसने भगवान भोलेनाथ से मन्नतें मांगी थीं। लेकिन बेटा सही नहीं हुआ। जिसके बाद नशे में आकर उसने ये कदम उठाया था। खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम गेंगटा में बुधवार की रात शिवलिंग, माता पार्वती व नंदी की प्रतिमा को तोड़े जाने के मामले में एसओजी, सर्विलांस व खेसरहा पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम सुनील उर्फ कल्लू राज मिस्त्री है तथा गेंगटा गांव का ही निवासी है। रविवार सुबह खुलासे में लगी टीमों को सुराग मिला कि गेंगटा गांव के ही एक व्यक्ति ने यह कृत्य किया है। टीम उक्त व्यक्ति को पेंडारी बुजुर्ग चौराहे के पास से गिरफ्तार कर थाने ले गई। पुलिस की पूछताछ में आरोपित ने बताया कि मेरा बेटा दो वर्ष से बीमार है। मैं बाबा भोले नाथ के मंदिर में जाकर उसके ठीक होने की कई बार मन्नत मांगा, पर वह ठीक नहीं हुआ। इस दौरान हमारी वहां के पुजारी से एक दो बार कहा सुनी भी हुई थी। बच्चे के ठीक न होने पर मैं काफी परेशान था। बुधवार की रात शराब के नशे में वह मंदिर पर बसुली लेकर पहुंचा और पहले नंदी की मूर्ति को उखाड़ा फिर गर्भ गृह में जाकर माता पार्वती की प्रतिमा को तोड़ा। इसके बाद शिवलिंग को बसुली से खंड–खंड कर दिया। प्रभारी निरीक्षक खेसरहा थाना रवीन्द्र सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल सुरेन्द्र सिंह, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, सकारपार चौकी प्रभार गणेश कुमार, उप निरीक्षक देवव्रत पाण्डेय, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार तिवारी, आरक्षी रवीन्द्र कुमार प्रमुख रहे। प्राची सिंह, एसपी ने कहाकि आरोपित का मंदिर के पुजारी से एक दो बार विवाद हुआ था, जिसके कारण वह इस तरह का कृत्य किया।

# पीएसी जवान और चौकी इंचार्ज पर आरोप लगाकर दुकानदार ने खाया जहर

**संवाददाता–गोरखपुर।** देवरिया जिले के रहने वाले जितेन्द्र बहादुर सिंह नामक एक व्यक्ति ने शाहपुर के कौआबाग चौकी इंचार्ज विवेक रंजन और पीएसी जवान सत्येन्द्र सिंह पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए रविवार को जहर खा लिया। जानकारी के बाद आनन–फानन में उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। उध्र,जहर खाने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने पीड़ित से बात की और कार्रवाई का भरोसा दिया। देवरिया जिले के लार थाना क्षेत्र के पिंडी गांव निवासी 45 वर्षीय जितेंद्र बहादुर सिंह लार में हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। उन्होंने शाहपुर थाना क्षेत्र के जंगल तुलसीराम में दो हजार वर्ग फुट जमीन ओम प्रकाश सिंह से अपने पत्नी फूलमती के नाम वर्ष 2014 में बैनामा कराया था। उसी समय पीएसी में तैनात सिपाही सत्येंद्र सिंह ने भी अपनी पत्नी बिंदु सिंह के नाम 2000 वर्ग फुट जमीन वहीं पर लिया था। सत्येन्द्र सिंह जमीन पर कब्जा कर निर्माण करा रहे थे तो वहीं जितेंद्र बहादुर ने अपने जमीन में कब्जा करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ शिकायत की थी। लेखपाल की रिपोर्ट जितेन्द्र के पक्ष में थी। विवाद को सुलझाने के लिए 21 मार्च 2023 को शाहपुर पुलिस राजस्व टीम के साथ मौके पर गई थी लेकिन दोनों पक्ष के सहमत न होने पर पुलिस चली आई थी। जितेन्द्र ने अपनी जमीन से कब्जा हटाने के लिए कई बार अफसरों से फरियाद की लेकिन मामले का हल नहीं निकला। उधर, सत्येन्द्र सिंह जमीन को छोड़ने की जगह उस पर निर्माण के लिए सरिया सहित अन्य सामान गिरवा लिए थे। आरोप है कि सत्येंद्र सिंह ने जितेन्द्र पर सरिया चोरी का आरोप लगा दिया। शाहपुर के कौआबाग चौकी इंचार्ज विवेक रंजन ने इस मामले में पूछताछ के लिए जितेन्द्र को बुलाया था। इस घटना से आहत होकर जितेन्द्र सिंह ने रविवार को जहर खा गोरखनाथ थाने पहुंच गया। आनन–फानन में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर की टीम उसका इलाज कर रही है। पुलिस अधिकारियों के साथ ही मजिस्ट्रेट ने जितेन्द्र का बयान दर्ज किया है। मौके पर शाहपुर–गोरखनाथ और गुलरिहा थाने की पुलिस मौजूद है। जितेंद्र बहादुर सिंह ने जहर खाने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिख कर अपने पास रख लिया था। उसके पास से मिले नोट में उसने लिखा है कि विगत दो वर्षों से मेरे जमीन पर सत्येंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय हेमलाल सिंह निवासी ध तौनी बहोर पोस्ट भटहवा बरहज देवरिया द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जितेन्द्र सिंह हिन्दू युवा वाहिनी लार में संयोजक भी रह चुके हैं। वर्तमान में पूर्वांचल मुक्ति वाहिनी में प्रदेश संयोजक हैं।

एक ही दिन तीन लोगों ने शाहपुर इलाके में रजिस्ट्री कराई थी। तीनों आपस में रिश्तेदार हैं। उन्होंने 2000–2000 वर्ग फीट जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री के हिसाब से तीनों का बराबर–बराबर फ्रंट बंटवारा होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जितेन्द्र के हिस्से के फ्रंट पर सत्येन्द्र काबिज हैं। विवाद की यही वजह है। राजस्व टीम ने इसके निपटाने के लिए बंटवारा दाखिल करने के लिए कहा था ऐसा करने से तीनों की जमीन का एक बराबर बंटवारा हो जाता लेकिन जितेन्द्र की तरफ से बंटवारा के चक्कर में पड़ने के बजाए पुलिस प्रशासन ने मौकी की स्थिति के अनुसार बराबर बांटने का अनुरोध किया जा रहा था, जबकि राजस्व टीम यह तो मान रही थी कि सत्येन्द्र गलत है पर वह बंटवारे दाखिल कर आने के लिए कह रही थी। डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी ने कहा कि गोरखनाथ थाने में एक व्यक्ति आया, उसने कहा कि मैने जहर खा लिया है। पुलिस ने तुरंत उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। इस दौरान पूछताछ में पता चला कि उसका नाम जितेन्द्र है उसका जमीन का विवाद है।

शुरुआती जांच में सामने आया कि शाहपुर इलाके में एक ही दिन तीन लोगों ने एक साथ जमीन खरीदी है। कब्जे को लेकर जितेन्द्र का उसके रिश्तेदार सत्येन्द्र से विवाद चल रहा है। जितेन्द्र ने इसको लेकर प्रार्थनापत्र दिया था। उसका कहना था कि मेरी जमीन पर सत्येन्द्र ने कब्जा कर लिया है। जमीन बंटवारे का मामला था ऐसे में लेखपाल ने बंटवारा दाखिल करने के लिए कहा था।


**अन्तिम नोटिस**

इत्तिलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश (आर्डर 9 कायदा 9) (2)

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) खलीलाबाद बस्ती जिला–बस्ती

प्रकीर्णवाद सं0–134/2022

दयाशंकर

बनाम

राधेश्याम

1. राधेश्याम 2. महेन्द्र कुमार 3. सन्तोष कुमार 4. रामधनी पुत्रगण रामनयन निवासीगण ग्राम पाकरडाड़ तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती 5. अवध विहारी 6. कृष्ण बिहारी 7. श्याम बिहारी पुत्रगण जमुना प्रसाद 8. प्रमोद कुमार उर्फ गुड्डू 9. चन्द्रभूषण 10. विनोद कुमार पुत्रगण गोमती 11. विमलचन्द्र 12. रतनचन्द्र 13. विष्णु 14. श्यामकृष्ण 15. गोपाल कृष्ण पुत्रगण दुर्गा प्रसाद 16. युगल किशोर पुत्र काशी निवासीगण ग्राम खलीलाबाद तप्पा दक्षिण हवेली परगना मगहर पूरव तहसील खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर 17. श्रीमती गीता पत्नी कमल 18. श्रीमती सुनीता पत्नी स्व0 राकेश कुमार निवासीगण ग्राम पाकरडाड़ तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती 19. राम अजोर पुत्र दयाराम 20. शत्रुघन प्रसाद 21. रामदास 22. चन्दपाल 23. आदित्य कुमार 24. अतुल कुमार पुत्रगण देवकी प्रसाद 25. श्रीमती सुनैना विधवा विजयपाल 26. श्याम सुन्दर 27. रवीन्द्र कुमार पुत्रगण रामधनी समस्त निवासीगण ग्राम अकारी तप्पा जगन्नाथपुर परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती 28. मुरली पुत्र छेदी ग्राम पाकरडाड़ तप्पा कपरी महसो परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 07–05–2024**

हरगाह मुद्दई मजकूरूसदर ने इस अदालत में दरख्वास्त हुकूम मुशहर मन्सूखी डिसमिसी नालिश नाबुदा हस्ब हिदायत अदालत हाजा बतारीख माह सन ई0 पेश को है।

लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप इस अदालत में बतारीख 07 माह 05 सन 2024 या असालतन या बजरिये वकील अदालत हाजा या मुख्तार मजाज हस्ब जाप्ता और वाकिफ हाल मुकदमा में हाजिर होकर वजह (अगर कोई हो) जाहिर करें कि नाबुर्दा की दरख्वास्त क्यों न मन्जूर किया जाय।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख 06 माह 04 सन 2024 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम



**दैनिक भारतीय बस्ती**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–दिनेश सिंह

संयुक्त सम्पादक–प्रदीप चन्द्र पाण्डेय

अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

लखनऊ कार्यालय–आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

गोरखपुर कार्यालय–इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com bhartiyabasti@gmail.com